Ludhiana
Covid Update
New case -2
Active case -32
Home isolation -30

RNI No. PUNBIL/2014/59416

# UTURN TIME यूटर्न टाईम

UTURNTIME.COM

THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA




VOL:01 | ISSUE:99 | SUNDAY, DATE: 24-04-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME

# ग्लोबलाइजेश की आड़ में अंडरइन्वाइसिंग का बोलबाला

## सकते में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर, घाटे पर काम कर रही वर्षों पुरानी कंपनी

लुधियाना / यूटर्न / 24 अप्रैल। ग्लोबलाइजेश के दौर में जहां रॉ मैटेरियल की कीमते इंडस्ट्री को बुरी तरह प्रभावित कर रही हैं वहीं पिछले कुछ वर्षों में घरेलू बाजार व अंतर्राष्ट्रीय बाजार से अंडरइन्वाइसिंग के जरिए माल खरीद रहे तथाकथित व्यापारियों के चलते भी देश का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर बुरी तरह से तबाह होता नजर आ रहा है। एक्सपर्ट के अनुसार एक तरफ रॉ मैटेरियल की बढ़ती कीमतों को प्रभाव तो दूसरी तरफ अंडरइन्वाइसिंग का प्रभाव ने मिलकर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की कीमतों के गणित को बिगाड़ दिया है। जिसको सुलझाना बड़ी चुनोती बन गया है। ट्रेड पॉलिसी की खामियों के चलते तथाकथित इंपोर्टर वर्ग मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मारने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा। बड़ी बात ये है कि सिस्टम की इन बड़ी खामियों को केंद्र सरकार के समक्ष ग्लोबलाइजेशन का नाम देकर उन्हें गुमराह किया जा रहा है। वहीं देश में रोजगार को प्रोत्साहित करने वाला एमएसएमई मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर खुद आईसीयू में पड़ा प्रतीत हो रहा है। विशेषज्ञों की मानें तो अंडरइन्वाइसिंग में जुटा इंपोर्टर वर्ग ने देश के हर कोने में अपने पांव इस कदर पसार लिए हैं कि लगभग हर इंडस्ट्री का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर इनके आगे अपना अस्तित्व खोता नजर आ रहा है और बड़ी चालाकी से ये लोग असंवैधानिक प्रक्रिया को ग्लोबलाइजेशन का नाम देकर विभिन्न सरकारों को तो गुमराह कर ही रही हैं वहीं बड़े पैमाने पर मुनाफाखोरी



और बनावटी व्यापारिक प्रक्रियाएं भी की जा रही हैं। जिसके तहत बाजार में बेकाबू हो चुकी रॉ मैटेरियल कीमतों को कभी रूस यूक्रेन का युद्ध तो कभी ग्लोबलाइजेशन का नाम दे दिया जाता है। विशेषज्ञों की मानें तो सरकार अंडरइन्वाइसिंग में जुटी इंपोर्ट कंपनियों की चाल को समझ नहीं पाती हैं हालात ऐसे हैं कि विदेशी बाजार से खरीदे गये सामान को घरेलू मैन्युफैक्चरिंग से भी सस्ती दरों पर उपलब्ध करवाया जा रहा है। जो कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को तबाह करती जा रही है।



इस संबंध में फिको के चेयरमैन केके सेठ ने कहा कि पिछले 6-8 महीने में लगभग हर सेक्टर के रॉ मैटेरियल की कीमतें 40 से 45 प्रतिशत बढ़ चुकी हैं। जिसे किसी भी ढंग से सामान्य खरीददार तक पास करना संभव नहीं हो पा रहा है। नतीजा 50 से 100 साल पुरानी इकाइयां भी मिनिमम वर्किंग कैपेसिटी और दैनिक घाटों में संतुलन बनाकर कार्य करती नजर आ रही हैं। जबकि मेक इन इंडिया का नारा दे रही केंद्र सरकार आंख मूंद कर बैठी है।



पैकेजिंग इंडस्ट्री के मनकर गर्ग ने कहा कि रॉ मैटेरियल की कीमतें बेकाबू हो चुकी हैं ऐसे में व्यापार करना संभंव नहीं हो पा रहा है। महंगाई के दौर में वर्किंग कैपिटल का दायरा सिकुड़ कर नाम मात्र का हो चुका है।



प्रताप साइकिल के रूपक सूद ने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं कि ग्लोबलाइजेशन में कीमतें काफी बढ़ रही है। वहीं एक बड़ा व्यापारी वर्ग अंडरइन्वाइसिंग के जरिए देश के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को तबाह करने पर तुला है। ऐसे में केंद्र सरकार को तुरंत ऐसी प्रक्रियाओं पर काबू पाने की जरूरत है।



फिको के महासचिव मनजिंदर सचदेवा ने कहा कि अंडरइन्वाइसिंग के जरिए तथाकथित इंपोर्टरों ने साइकिल ट्रेड को बर्बाद कर दिया है। साइकिल मार्केटों में सामान्य तौर पर देश में बनने वाले साइकिलों से भी सस्ती कीमतों मे विदेशी साइकिलें व पाट्र्स उपलब्ध हो जाती हैं। ऐसे में केंद्र सरकार का मेक इन इंडिया का नारा मुंह चिढ़ाता नजर आ रहा है।



यूसीपीएमए के पूर्व प्रधान चरनजीत विश्वकर्मा ने कहा कि लुधियाना गिल रोड पर बड़ी मात्रा में अंडरइन्वाइसिंग का कारोबार चल रहा है। विभाग की नाक तले चल रहे इस नेक्सस को नकेल डालने की जरूरत है। विश्वकर्मा ने कहा कि इंपोर्ट-एक्सपोर्ट विभाग को चाहिए कि वे हर माह साइकिल व पाट्र्स की कीमतों का 20 प्रतिशत फ्लक्चुएशन के साथ फ्लोर प्राइस फिक्स करे। जिससे अंडरइन्वाइसिंग जैसी प्रक्रियाओं को रोका जा सकेगा।

## देश की ग्रोथ में राष्ट्रीयता का प्रभाव

किसी भी देश की आर्थिक ग्रोथ में देशवासियों में राष्ट्रीयता की भावना का अहम योगदान रहता है। वर्तमान समय में हर वर्ग ग्लोबलाइजेशन के नाम पर देश का शोषण करता नजर आ रहा है। लेकिन वह यह भूल रहा है कि अपनी ग्रोथ से पहले देश की प्रगति व ग्रोथ को देखना अति आवश्यक है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार की बात करें तो जापान, जर्मनी हा नहीं बल्कि चाइना की प्रगति में भी सरकारी नीतियों के अलावा वहां के लोगों में निजी लाभ से पहले राष्ट्रीयता का भावना को ही बताया जाता है। परंतु भारतीयों को इस बात को कहीं न कहीं स्वीकारना होगा कि उनमें राष्ट्रीयता की भावना निरंतर समाप्त होती जा रही है। जो कि देश के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। हम मानें या न मानें आज हर कोई देश से पहले निजी स्वार्थ व निजी लाभ को प्रातमिकता दे रहा है। यही कारण है कि भारत जैसा विकासशील देश इतना सशक्त होने के बाद भी कहीं न कहीं पिछड़ता जा रहा है। इसके पीछे एक बड़ा कारण केंद्र व राज्य सरकारों का इंडस्ट्री फ्रेंडली वातावरण उपलब्ध न करवाना भी है। वहीं विभिन्न प्रकार की इंडस्ट्री व ट्रेड में बढ़ते काटलाइजेशन व मनमानियों का बोलबाला भी देश को निरंतर बर्बादी की ओर ले जा रहा है। केंद्र व राज्य सरकारों को समय रहते इसे समझते हुए देश की इंडस्ट्री व ट्रेड की प्रगति के लिए प्राइस मॉनिटरिंग कमेटियों को सशक्त बनाना होगा। वहीं यह भी अनिवार्य बनाना होगा कि भारत जैसे जनसंख्या बाहुल्य देश में एमएसएमई सेक्टर को वास्तविक तौर पर प्रोत्साहित करने वाली स्कीमें दी जा सकें।



संदीप शर्मा
चीफ एडीटर

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें-9888200619, 9818884612

# पिछली सरकारों ने किया मशीनरी का गलत इस्तेमाल: ग्रेवाल



लुधियाना / यूटर्न / 24 अप्रैल। मोती नगर इलाके में बने कम्युनिटी सेंटर के गलत इस्तमाल के शिकायत पर इलाके के सीनियर सिटिजन के साथ मिलने पहुंचे विधायक भोला ग्रेवाल ने कहा कि पिछली सरकारों के राज में आम जनता के लिए बनाए गये साीनियर सिटिजन होम व कम्युनिटी सेंटर को गलत ढंग से निजी चहेतों को खुश करने व मुनाफाखोरी के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। वहीं इलाके में स्पोर्ट्स क्लब कांप्लेक्स में भी उच्च दरों को वसूलते हुए आम जनता का शोषण किया जा रहा है। उन्होंन कहा कि आम आदमी की सरकार है इसलिए वे इन सुविधाओं को लोगों कीं मांग के अनुसार पॉकेट फ्रेंडली रियायती दरों पर उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मोती नगर सरकारी कम्युनिटी सेंटर में जहां बार चलाए जार हे हैं। वहीं इसे फाइव स्टार का स्वरूप दे इसमें गलत तरीके की गतिविधियों को भी अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यस सारी गतिविधियां राजनीतिक आकाओं के शह पर की जा रही थी जिसे दल्द से जल्द कानूनी तरीके से सही करवाने का प्रयास किया जाएगा।

# गुप्ता के त्यागपत्र के बाद फिर गर्माई पीसीए की राजनीति, होंगे चुनाव

जालंधर / यूटर्न / 24 अप्रैल। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के प्रधान राजिंदर गुप्ता के पद से त्यागपत्र देने के बाद पी सी ए में एक बार फिर राजनीति गर्माती नजर आ रही है। शनिवार अपैक्स कौंसिल की अध्यक्षता करते हुए राकेश राठौर ने पीसीए के चुनाव शीघ्र करवाने की घोषणा की। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष राकेश राठौर ने कहा कि एक नई तीन सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। जिसमें राकेश वालिया, कार्तिकेय मेहता व वरिन्द्र बिलिंग को शामिल किया गया



है। यह कमेटी आगामी चुनाव होने तक पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के लिए काम करेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई पी सी ए कमेटी द्वारा आगामी सत्र के दौरान सभी सदस्यों की प्रतिभा का सदुपयोग किया जाएगा। आपसी तालमेल कायम रखते हुए सभी जिला एसोसिएशन क्रिकेट प्रोत्साहन कार्यों में अपना पर्याप्त सहयोग देंगी। राठौर ने कहा कि पंजाब में क्रिकेट की बेहतरी में अड़चन बन रहे विभिन्न अदालतों में चल रहे केसों को वापस लिया जाएगा। भ्रष्टाचार के मामलों की जांच के लिए विशेष कदम उठाए जाएंगे, ताकि क्रिकेट के नाम पर की जा रही धोखाधड़ी पर अंकुश लगाया जा सके। इस बैठक में रजिंदर गुप्ता की प्रधानगी में किए गए कार्यों की भी चर्चा की जो कार्य आधे अधूरे रह गए हैं उन्हें शीघ्र ही पूरा किया जाएगा।

# मोस्ट वांटेड आतंकवादी चरनजीत पटियालवी डेरा बस्सी से गिरफ्तार

## 2010 से भगौड़ा हुआ पटियालवी था बब्बर खालसा इंटरनेशनल का सक्रिय मेंबर

नवीन गोगना

चंडीगढ़/ यूटर्न / 24 अप्रैल। पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (ए.जी.टी.एफ.) ने रविवार को मोस्ट वांटेड आतंकवादी और बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बी.के.आई.) माड्यूल के सक्रिय मैंबर चरनजीत सिंह उर्फ पटियालवी को गिरफ्तार किया, जोकि पिछले 12 सालों से अलग-अलग पहचान और ठिकानों से गिरफ्तारी से बच रहा था। ज़िक्रयोग्य है कि पंजाब सरकार ने हाल ही में गैंगस्टरों के विरुद्ध कार्यवाही तेज करने के लिए डीजीपी पंजाब वी.के भावरा की निगरानी अधीन एडीजीपी प्रमोद बान के नेतृत्व वाली एक ए.जी.टी.एफ. का गठन किया है। इस सम्बन्धी जानकारी देते हुये डी.आई.जी. ए.जी.टी.एफ. गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि पटियाला के गाँव बूटा सिंह वाला के निवासी चरनजीत पटियालवी को थाना माछीवाड़ा में एक्सप्लोसिव एक्ट की धारा 4/5और ग़ैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) एक्ट की धारा 17 /18 /20 के अधीन दर्ज एफ.आई.आर. नंबर 154 तारीख़ 23-07-2010 में भगौड़ा करार दिया गया था। हालाँकि, पटियालवी के एक अन्य साथी मृतक आतंकवादी गुरमेल



सिंह बोबा निवासी बूटा सिंह वाला को इस मामले में डेटोनेटर और आरडीएक्स की बरामदगी समेत गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि भरोसेयोग सूचना के बाद एआईजी ए.जी.टी.एफ. गुरमीत सिंह चौहान और डीएसपी

✔ चरनजीत उर्फ पटियालवी बी.के.आई. आतंकवादी माड्यूल, पंजाब पुलिस ने 2010 में पर्दाफाश किया था, का सक्रिय मैंबर था। यह माड्यूल 2007 में लुधियाना के शिंगार सिनेमा बम धमाकों और 2010 में काली माता मंदिर, पटियाला और अम्बाला में हुए बम धमाकों की साज़िस में शामिल था। पंजाब पुलिस ने 2010 में पटियालवी के बाकी सभी साथियों को गिरफ्तार कर लिया था।

एजीटीऐफ बिक्रमजीत सिंह बराड़ के नेतृत्व में एजीटीएफ की टीमों ने पटियालवी को डेरा बस्सी के गाँव लाली के गुरुद्वारा साहिब के नजदीक से गिरफ्तार किया। भुल्लर ने कहा, ''पटियालवी, ग्रंथी का भेष धारण करके इस समय पश्चिमी बंगाल के खड़गपुर स्थित गुरुद्वारा साहिब में रह रहा था और किसी भी संचार साधन का प्रयोग नहीं कर रहा था।'' उन्होंने आगे कहा कि दोषी के कब्ज़े में से पश्चिमी बंगाल के पते वाले अलग-अलग पहचान पत्र बरामद किये गए हैं। भुल्लर ने कहा कि अगली जांच की प्रक्रिया जारी है, इसके साथ अन्य गिरफ्तारियां और अहम खुलासे होने की आशा है।

यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया ने आंध्र प्रदेश में मैन्युफैक्चरिंग इकाई का किया उद्घाटन

अमरावती / यूटर्न / 23 अप्रैल। पैनासोनिक कॉर्पोरेशन की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया ने रविवार को आंध्र प्रदेश में अपनी नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट खोलने की घोषणा की। इस यूनिट का उद्देश्य दक्षिणी क्षेत्र में कंपनी की उपस्थिति को मजबूत करना और कम से कम समय में अपने उत्पाद को मार्केट में पहुंचाकर ग्राहकों को प्रसन्नता प्रदान करके बाजार में तालमेल विकसित करना है। यह यूनिट पूरी तरह से ऑटोमेटेड है और 1,33,584 वर्ग मीटर में फैली हुई है। और वर्तमान में 37,025 वर्ग मीटर फ्लोर एरिया को कवर करती है। इस अवसर पर पैनासोनिक कॉर्पोरेशन, जापान के पावर कंपोनेंट बिजनेस के बिजनेस यूनिट हेड कावामोटो ने कहा, भारत विकास पथ पर है और इस विकास के दौरान लोगों को 'अपना सर्वश्रेष्ठ जीने' के लिए ईसीएम इंडस्ट्री से जबरदस्त सपोर्ट की आवश्यकता होगी। हम इसे लोगों के जीवन को सरल, सुरक्षित और आरामदायक बनाने के जबरदस्त अवसर के रूप में देखते हैं।



जापानी मानकों वाले अपने तकनीकी रूप से उन्नत उत्पादों की मदद से हम उपभोक्ताओं को बेहतर अनुभव प्रदान करने का प्रयास करेंगे। खास बात यह है कि अब इनका उत्पादन भारत में ही किया जाएगा। पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया प्रा. लिमिटेड के प्रबंध निदेशक काज़ुकी याओ ने कहा, इलेक्ट्रीक्ल कंस्ट्रक्शन मटेरियल के ग्लोबल लीडर के रूप में पूरे वैल्यू चेन में सबसे व्यापक विद्युत पोर्टफोलियो प्रदान करते हुए, भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के नाते पीएलएसआईएनडी के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। श्री सिटी में हमारी यूनिट के उद्घाटन से हमें भारत में अपने उत्पादन को बढ़ाने में मदद मिलेगी, साथ ही इससे इस क्षेत्र का यह क्षेत्र के समग्र विकास में योगदान देने का भी अवसर मिलेगा। हम उपभोक्ता कनेक्शन बनाने, औद्योगिक संपर्क बढ़ाने और उत्पादन के मोर्चे पर इसकी दृश्यता में सुधार करने में निवेश करने की योजना बना रहे हैं। हम आंध्र प्रदेश को एक स्ट्रैटेजिक मार्केट के रूप में देखते हैं जिसने अपनी औद्योगिक संस्कृति में एक अनुकरणीय बदलाव देखा है और हम मानते हैं कि यह इस क्षेत्र में काम करने का एक सटीक समय है।

पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया प्रा. लिमिटेड के वायरिंग डिवाइसेज के डायरेक्टर और बिजनेस हेड राजेश नंदवानी ने कहा ₹आज, हमें आंध्र प्रदेश के श्री सिटी में अपनी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के उद्घाटन की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। यह यूनिट वायरिंग डिवाइस श्रेणी के उत्पादों के निर्माण और उत्पादन के लिए स्थापित की गई है। नई फैक्ट्री उत्पादन प्रणाली में एक अत्याधुनिक असेंबली लाइन शामिल है जो इंडस्ट्री 4.0 टेक्नोलॉजी से युक्त है जिससे की सुरक्षा और उत्पादकता में इंडस्ट्रियल ट्रांसफॉर्मेशन और व्यावसायिक उत्कृष्टता को पाने में मदद मिल सके। पीएलएसआईएनडी में हम सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' मिशन को ध्यान में रखते हुए सर्वोत्तम तकनीक की पेशकश के साथ भारत में विश्व स्तरीय मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी का निर्माण करके हम लंबी और बेहतर साझेदारी बनाने की दिशा में तत्पर हैं।

# एडवांस कराटे कैंप की ट्रेंनिंग के लिए रजनीश चौधरी पहुंचे महानगर



लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। कराटे एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के महासचिव रजनीश चौधरी पंजाब स्टेट पंजाब एडवांस कराटे ट्रेनिंग कैंप हेतु लुधियाना महानगर पहुंचे।इस अवसर पर स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन पंजाब के अध्यक्ष गौरव सचदेवा ने उनका बुका देकर स्वागत किया। इस अवसर पर सैन्सुई गौरव सचदेवा ने बताया कि एसोसिएशन के जनरल सैक्टरी रजनीश चौधरी राष्ट्रीय व् अंतराष्ट्रीय स्तर पर खिलाडियों को एडवांस टेक्नॉलजी ट्रेंनिंग के लिए विशेष रूप से यहां आये है जोकि खिलाडियों को एक नई दिशा देगी। इस अवसर पर चौधरी ने कराटे खिलाडियों को गति व् तकनीक पर नियत्रण करने के लिए टिप्स दिए व् व् खेलो इंडिया में चयनित हुए खिलाडी केतन चौधरी,अनुज देव को विशेष रूप से सन्मानित किया इसके अतिरिक्त ब्लैक बैल्ट प्राप्त करने वाले अर्शदीप सिंह,वंशिका यादव को सम्मान दिया व् उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाये दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय रैफरी राज किदवई, एडवोकेट प्रमोद कुमार, स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन लुधियाना के वाईस प्रधान हिमेश गोयल, तजिंदर सिंह जिला अध्यक्ष आदि उपस्थित हुए।

# लुधियाना के सैदा चौक पर बने ओपन डंप को पब्लिक एक्शन कमेटी ने बनाया सेल्फी प्वाइंट

लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। पब्लिक एक्शन कमेटी की तरफ से रविवार हलका सेंट्रल के सैदा चौक पर ओपन कचरा डंप को सेल्फी प्वाइंट बनाया गया। बीते दो दशक से ज्यादा समय से यहां पर कचरा फेंका जा रहा है, लेकिन निगम अधिकारियों की तरफ से आम लोगों की शिकायतों के बावजूद कोई राहत नहीं दी गई है। इस सेल्फी प्वाइंट पर आसपास के लोगों ने शिकरत कर निगम अधिकारियों के रवैये पर असंतोष जाहिर किया। सेल्फी प्वाइंट पर पहुंचे विजय कुमार ने बताया कि उनकी इस चौक पर सबसे पुरानी इमारत है। उनकी इमारत के बाहर ही ओपन डंप बना हुआ है। इस




मामले को लेकर वह निगम अधिकारियों से लेकर विधायकों तक अपनी गुहार लगा चुके है। लेकिन कोई हल नहीं निकल पाया है। बीते सप्ताह की वह नवनिर्वाचित विधायक अशोक पराशर को भी एक ज्ञापन देकर आए है। अभी तक यहां पर कुछ नहीं हो रहा है। समाजसेवी कपिल अरोड़ा ने कहा कि नगर निगम अफसर अपनी खामियां को छुपाने के लिए हर जगह झूठ बोलते आ रहे है। कचरा प्रबंधन में तो निगम पूरी तरह से फेल साबित हुआ है। यही कारण है कि सड़क किनारे हो या फिर खाली प्लाट हर जगह पर ओपन कचरा डंप बन चुके है। नियमों के अनुसार इस तरह खाली जगह पर कचरा फेंकना एक जुर्म है।

# लुधियाना के श्री सिद्ध पीठ श्री दण्डी स्वामी मन्दिर में फ्री हार्ट व मैडिकल चैकअप कैम्प का आयोजन

लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। लुधियाना के श्री सिद्ध पीठ श्री दण्डी स्वामी मन्दिर में फ्री हार्ट चैकअप व मैडिकल चैकअप कैम्प का आयोजन रविवार को प. श्री राज कुमार शर्मा जी की अध्यक्षता में लगाया गया। जिसमें डी.एम.सी हीरो हार्ट हॉस्पिटल के स्पेशलिस्ट डॉक्टरों द्वारा चेकअप किया गया। जिस में डॉ. जी.एस वंडर कार्डियोलॉजिस्ट, डॉ अभिषेक गोयल कार्डियोलॉजिस्ट, डॉ रोहित टंडन मेडिकल, डॉ सुरिंदर गुप्ता शुगर बीपी, डॉ संदीप शर्मा ई.एन.टी, डेंटिस्ट डॉ पूजा द्वारा ख़ास तौर पर मरीजों का चेकअप किया गया। इस कैंप में 1000 के करीब मरीजों का चेकअप किया गया। कैम्प में हार्ट के 250 से ज्यादा मरीजों का चेकअप किया गया। ई.एन.टी के 100 के





करीब मरीजों का चेकअप किया गया। दांतों के 70 के करीब मरीजों का चेकअप किया। लगभग 550 से ज्यादा मरीजों का शुगर तथा बीपी के मरीजों का चेकअप किया गया। आए हुए मरीजों को फ़्री दवाईयां भी दी गई। मरीजों को फ्री ई.सी.जी भी की गई। आए हुए मरीजों को डॉ. डायटिक्शन द्वारा हेलाथ को लेकर टिप्स भी दिए गए। प. राज कुमार शर्मा जी ने कहा कि मंदिर में हर तीन महीने बाद फ्री आंखों ओर हार्ट के मेडिकल कैंप लगाया जाता है ताकि जो लोग अपना ईलाज नही करवा सकता वो अपना ईलाज इस फ्री कैंप के माध्यम से करवा सके। इस अवसर पर चंद्र मोहन जुनेजा, काले खान, बलविंदर गुप्ता, दिनेश जिंदल, जीत कपूर, प्रवीण गुप्ता, राजिन्द्र नागपल, महिन्द्र आनंद, मोहित कुमार, समिर नागपल, विशाल वशिष्ट, रवि मलोहत्रा, ललित शर्मा, मुनीश वशिष्ट, राघव सेनी, रामनाथ पाण्डेय, आशु शर्मा, राजेश कुमार, गुलशन नागपल, नरिंदर शर्मा, राजिंदर प्रधान आदि उपस्थित थे।

# पंजाब की सुरक्षा के लिए रोहिंग्या शरणार्थी मुसलमान पैदा कर रहे खतरा : गुरदेव देबी

लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। पंजाब भाजपा के कोषाध्यक्ष गुरदेव शर्मा देबी ने कहा कि पंजाब की सुरक्षा के लिए रोहिंगया शराणर्थी मुसलमान कथित रूप से खतरा पैदा कर रहे है और पंजाब में दंगो का माहौल पैदा करना चाहते है। इसका उदाहरण गत दिवस फेसबुक पर भगवान राम के बारे में कार्टून बनाकर आपतिजनक टिप्पणी करने से मिलता है। गुरदेव शर्मा देबी ने कहा कि प्रदेश में बढ रहे रोहिंगया शरणार्थी मुसलमानों के कारण अपराधिक घटनाओं में बढोतरी होने लगी है लेकिन पंजाब पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने इस बारे में अपनी आंखे मूंद रखी है। देबी ने कहा कि अगर रोहिंगया मुसलमानों की संख्या ऐसे ही बढती गई तो आगे चलकर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। लुधियाना के ताजपुर रोड, शेरपुर, गयासपुरा, गुलाबी बाग, माधोपुरी, बस्ती जोधेवाल, दानामंडी,



ढंडारी, राहो रोड, मुंडिया, राम नगर, जुगियाना, लाडोवाल, जालधर बाईपास, हैबोवाल, काकोवाल रोड, मिलरगंज, सूआ रोड, लोहारा, इस्लामगंज, बस्ती बाल सिंह नगर, जालधर बाईपास बस्ती चौंक से पहले बाई और झुगियो के अलावा मन्ना सिंह नगर, गांधी नगर व सतलुज के किनारो के इलाके में रोहिंगयां मुसलमान अवैध रूप से रह रहे है जिसके बारे में लुधियाना पुलिस प्रशासन को जांच करानी चाहिए अगर रोहिंगया मुसलमानों की संख्या ऐसे ही बढती रही तो डैमोग्राफी बदलेगी और इसके चलते समाज में विघटन का खतरा पैदा होगा।

# शिव सेना भारतवंशी ने भीम राव अम्बेडकर का 131वां जन्म दिवस मनाया: योगेश बख्शी



लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। शिव सेना भारतवंशी के राष्ट्रीय प्रधान योगेश बख्शी जी के निर्देशानुसार आज 24 अप्रैल दिन रविवार समय वार्ड नबंर 59 किल्ला मुहल्ला मे सविधान निर्माता डाक्टर भीमराव अम्बेडकर जी का 131वा जन्म दिवस राष्ट्रीय प्रधान योगेश बख़्शी की अगुवाई मे राष्ट्रीय उपप्रधान विक्रम मांडी, जिला लुधियाना चैयरमैन अनिल खटवाल, जिला लुधियाना यूथ विंग प्रधान सोनु वंश जी, महिला विंग कंचन ओबेराय व सगंठन क टीम के साथ पुष्प अर्पित कर मनाया गया। योगेश बख्शी जी ने पुष्प अर्पित कर बाबा भीमराव अम्बेडकर जी जन्म दिवस मनाया और जिला चैयरमैन ने राष्ट्रीय प्रधान योगेश बख़्शी जी को सिरोपा पहनाकर सम्मानित किया योगेश बख़्शी जी ने काहा बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर जी संविधान निर्माता जी ने सभी को एक समान हक दिया योगेश बख़्शी जी ने काहा की बाबासाहब आम्बेडकर नाम से लोकप्रिय,भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाजसुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आन्दोलन को प्रेरित किया और (दलितों) से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मन्त्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माताओं में से एक थे।

## जन्मदिन मुबारक



अश्वनी गर्ग



स्नेशा जैन



दृष्टि



संजीव

PUBLISH YOUR
Birthday Photograph
& GET A CHANCE TO WIN BIRTHDAY CAKE WORTH RS. 800 EACH
1 FOR YOUNGEST & 1 FOR OLDEST
*T&C
Hot Breads
0161-4603333, 5012222
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
groupkindia@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

ADVERTISEMENT
जन्मदिन/सालगिरा/शोक समाचार प्री
रस्म किरिया/श्रद्धांजलि ₹2000
क्लासिफाइड डिस्पले ₹500 – 3
M: 98142-95372

# टाटा मोटर्स की कारें हुई महंगी




नई दिल्ली / यूटर्न / 23 अप्रैल। ऑटो कंपनियों का कीमत बढ़ाने का ट्रेंड थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी क्रम में टाटा मोटर्स ने फिर अपने व्हीकल्स की कीमतों में वैरिएंट और मॉडल के आधार पर औसतन 1.1% का इजाफा किया है। ये कीमतें आज यानी 23 अप्रैल 2022 से लागू होंगी। हालांकि कौन-सा मॉडल कितना महंगा होगा इस बात की जानकारी कंपनी ने नहीं दी है। कंपनी कीमत बढ़ाने के पीछे की वजह बढ़ती महंगी लागत को बताया है। यह पहली बार नहीं है जब टाटा मोटर्स ने अपने व्हीकल्स की कीमतों को बढ़ाया है। उन्होंने जनवरी 2022 में वैरिएंट और मॉडल के आधार पर 0.9% का इजाफा किया था। कंपनी के ईवी मॉडल की डिमांड हाई लेवल पर है। टाटा की नेक्सन ईवी भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार है। टाटा मोटर्स ने हाल ही में एक दिन में ही 101 ईवी (70 नेक्सन ईवी और 31 टिगोर ईवी) की रिकॉर्ड डिलीवरी की है। इसके पहले मारुति सुजुकी ने भी 18 अप्रैल से अपनी कारों की कीमत बढ़ा चुकी है। कीमत बढ़ाने के पीछे की वजह कंपनी ने इनपुट कॉस्ट का महंगा होना बताया है। कंपनी ने बताया कि 18 अप्रैल से सभी मॉडल की कीमतों में औसतन 1.3% का इजाफा किया जा रहा है।

## ईडी की चार्जशीट में राणा कपूर का दावा

# प्रियंका गांधी से 2 करोड़ की पेंटिंग खरीदने को किया गया था मजबूर, मना करने पर दबाव भी बनाया

नई दिल्ली / यूटर्न / 23 अप्रैल। यस बैंक के को-फाउंडर राणा कपूर ने ED के सामने कई खुलासे किए हैं। ED की चार्जशीट के मुताबिक, राणा कपूर ने बताया है कि उन्हें प्रियंका गांधी से 2 करोड़ रुपए में एक पेंटिंग खरीदने के लिए मजबूर किया गया। यह पेंटिंग मकबूल फिदा हुसैन (MF हुसैन) की थी। राणा कपूर ने यह भी बताया है कि पेंटिंग से जुटाई गई रकम का इस्तेमाल सोनिया गांधी के इलाज में किया गया था। राणा कपूर बताया कि तब के पेट्रो लियम मिनिस्टर मुरली देवड़ा ने कहा था कि अगर वह पेंटिंग खरीदने से मना करते हैं तो गांधी परिवार के साथ उनके रिश्ते खराब हो सकते हैं। राणा कपूर ने ED को ये भी बताया कि अहमद पटेल ने उनसे कहा था कि अगर मैं गांधी परिवार की मदद करता हूं तो वो मुझे पद्म भूषण देने पर विचार कर सकते हैं। राणा कपूर ने दावा किया कि उन्होंने 2 करोड़ रुपए के चेक का भुगतान किया था। इसके बाद मुरली देवड़ा के बेटे मिलिंद देवड़ा ने उन्हें बताया था कि बिक्री की आय का उपयोग गांधी परिवार द्वारा न्यूयॉर्क में सोनिया गांधी के इलाज में किया गया था। राणा कपूर ने कहा कि मैं शुरू में प्रियंका गांधी से पेंटिंग खरीदने के लिए तैयार नहीं था। मेरे बार-बार मना करने के बावजूद मुझ पर दबाव बनाया जा रहा था।



मुझे प्रियंका गांधी से 2 करोड़ रुपए की तस्वीर खरीदने के लिए मजबूर किया गया। प्रवर्तन निदेशालय ने आरोप लगाया था कि राणा कपूर और दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्रमोटर कपिल और धीरज वधावन ने संदिग्ध लेनदेन के माध्यम से 5,050 करोड़ रुपए के फंड की हेराफेरी की थी। वह मार्च 2020 में हुई गिरफ्तारी के बाद से न्यायिक हिरासत में हैं। 9 सितंबर, 1957 को दिल्ली में जन्मे राणा कपूर देश के सफलतम बैंकर्स की लिस्ट में शामिल थे। पढ़ाई के दौरान उन्हें ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन की तरफ से मानद फेलोशिप, रटगर्स यूनिवर्सिटी न्यू जर्सी से प्रेसिडेंट मेडल और जीबी पंत यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर से मानद फेलोशिप मिल चुकी है। उनकी फैमिली में पत्नी बिंदू कपूर और तीन बेटियां राधा, राखी और रोशनी हैं।

# आईएमएफ ने भारत की विकास दर का अनुमान घटाया

नई दिल्ली / यूटर्न / 23 अप्रैल। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान घटा दिया है। आईएमएफ ने इसे 9 से घटाकर 8.2 फीसदी कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संगठन ने कहा है कि रूस और यूक्रेन का युद्ध लंबे समय में दुनिया भर में उपभोग पर असर डालेगा और महंगाई बढ़ने का भी वैश्विक प्रभाव देखने को मिलेगा। संगठन ने अपनी वर्ल्ड इकोनॉमिक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें वैश्विक स्तर पर अनुमान जारी किए हैं। भारत की विकास दर की संभावनाओं पर आईएमएफ ने कहा है कि कच्चे तेल के ऊंचे दामों से निजी उपभोग और निवेश पर काफी असर पड़ेगा। भारत के विकास के पूर्वानुमानों को घटाने के साथ आईएमएफ ने कहा कि 2022-22 में चालू खाते का घाटा 3.1 फीसदी रहने का अनुमान है, जो 2021-22 में 1.5 फीसदी रहा था। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत की 2023-24 में जीडीपी ग्रोथ रेट को भी 7.1 से घटाकर 6.9 फीसदी कर दिया गया है। हालांकि 8.2 फीसदी के अनुमान के साथ भारत दुनिया की तीव्र वृद्धि वाली बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश होगा। भारत की वृद्धि दर चीन की 4.4 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में लगभग दोगुनी होगी। आईएमएफ ने यहां जारी सालाना विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि वैश्विक वृद्धि दर चालू वर्ष में 3.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह 2021 के 6.1 प्रतिशत से काफी कम है। भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2021 में 8.9 प्रतिशत थी। जबकि 2023 में इसके 6.9 प्रतिशत रहने की संभावना है। वर्ष 2023 की आर्थिक वृद्धि दर अनुमान में कमी का एक प्रमुख कारण यूक्रेन युद्ध है।




# बैंक ऑफ बड़ौदा ने होम लोन की ब्याज दर में कटौती की

नई दिल्ली / यूटर्न / 23 अप्रैल। बैंक ऑफ बड़ौदा ने होम लोन की ब्याज दर में कटौती की है। बैंक ने होम लोन पर ब्याज दर 6.75% से घटाकर 6.50% सालाना कर दी है। बैंक ने कहा कि होम लोन पर ब्याज की नई दर 30 जून, 2022 तक लागू रहेगी। बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक (होम लोन और अन्य खुदरा संपत्ति) एच टी सोलंकी ने कहा कि हम पिछले कुछ महीनों से आवास बिक्री में तेजी देख रहे हैं। इसको देखते हुए हमने ग्राहकों के हित में सीमित अवधि के लिये 6.50% की विशेष ब्याज दर की पेशकश की है। साथ ही ग्राहकों को कोई प्रोसेसिंग चार्ज भी नहीं देना होगा। नई ब्याज दर, नए हाउसिंग लोन लेने वाले ग्राहकों के साथ ही दूसरे बैंक से लिए गए लोन को बैंक ऑफ बड़ौदा में ट्रांसफर करने वालों के लिए भी लागू होगी। इस ब्याज दर का फायदा उन्हीं लोगों को मिलेगा जिनका सिबिल स्कोर 771 या उससे ज्यादा होगा। सिबिल स्कोर से पिछले कर्ज की जानकारी मिलती है। इसलिए बैंक से कर्ज और क्रेडिट कार्ड लेने के लिए अच्छा सिबिल स्कोर होना जरूरी होता है। नियमित कर्ज चुकाने से क्रेडिट स्कोर अच्छा रहता है। सिबिल स्कोर 300 से 900 अंकों के बीच होता है। अगर स्कोर 750 अंक या उससे ज्यादा होता है तब कर्ज मिलना आसान होता है। सिबिल स्कोर 24 महीने की क्रेडिट हिस्ट्री के हिसाब से बनता है।

# आईसीआईसीआई बैंक का नेट प्रॉफिट 59.4% बढ़कर 7,018 करोड़ रुपए




नई दिल्ली / यूटर्न / 23 अप्रैल। ICICI बैंक ने आज यानी 23 अप्रैल को 2021-2022 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2022) के नतीजे जारी किए हैं। इस तिमाही में ICICI बैंक का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 59.4% बढ़कर 7,018.7 करोड़ रुपए रहा। ICICI बैंक का नेट इंटरेस्ट इनकम मार्च 2022 तिमाही में 20.8% बढ़कर 12,605 करोड़ रुपए रहा। ICICI बैंक के नतीजे मार्केट एनालिस्ट्स की उम्मीद से बेहतर रहेगी। ICICI बैंक ने बताया कि प्रोविजनिंग पर कम खर्च होने के कारण आमदनी बढ़ी है। मार्च 2022 तिमाही में बैंक की प्रोविजनिंग 63% गिरकर 1069 करोड़ रुपए रही। ICICI बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम सालाना आधार पर 17% बढ़ी है। ICICI बैंक के बोर्ड ने शेयरहोल्डर्स के लिए 5 रुपए प्रति शेयर डिविडेंड देने की मंजूरी दी है।

# एलआईसी आईपीओ का आकार घटाकर 3.5% किया गया

नई दिल्ली / यूटर्न / 23 अप्रैल। लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन की इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग का साइज छोटा कर दिया है। सरकार देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी LIC के इश्यू में अब 3.5% हिस्सेदारी बेचेगी। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने बताया कि सरकार 3.5% हिस्सेदारी बेचकर 21,000 करोड़ रुपए जुटाने की तैयारी में है। पहले सरकार 5% स्टेक बेचने वाली थी। हालांकि अगर मार्केट में इश्यू की डिमांड अच्छी रही तो यह लिमिट 3.5% से बढ़ाकर 5% तक हो सकती है। हालांकि ऐसा क्यों किया गया है इसके बारे में अभी कोई जानकारी नहीं मिली है। सरकार 3.5% स्टेक बेचकर 21,000 करोड़ रुपए जुटाएगी। इस हिसाब से LIC का वैल्यूएशन 6 लाख करोड़ रुपए होता है। हालांकि पहले सरकार ने LIC का बाजार वैल्यू करीब 17 लाख करोड़ रुपए आंकी थी। रॉयटर्स की रिपोर्ट में एक अधिकारी के हवाले से कहा गया था कि सरकार अगले दो हफ्तों में शेयर को लिस्ट करना चाहती है। इससे पहले गुरुवार को भी PTI की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि IPO लॉन्च पर सरकार इस हफ्ते फैसला ले सकती है। इसमें कहा गया था कि IPO से जुड़ा ज्यादातर ग्राउंड वर्क खत्म हो चुका है, लेकिन अंतिम फैसला लेने से पहले इश्यू की प्राइसिंग पर पोटेंशियल एंकर इन्वेस्टर्स के रिस्पॉन्स को इस हफ्ते रिव्यू किया जाएगा। सरकार का प्लान मार्च 2022 तक IPO लॉन्च करने का था, लेकिन रूस-यूक्रेन जंग के कारण बाजार के सेंटीमेंट निगेटिव हो गए और सरकार वेट एंड वॉच मोड में चली गई। अब जब दोबारा मार्केट सुधरा और सेंटीमेंट कुछ हद तक पॉजिटिव हुए तो सरकार IPO लाने की तैयारी में फिर से जुट गई। इस महीने की शुरुआत में, सरकार ने LIC में 20% फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट की अनुमति देने के लिए FDI नियमों में संशोधन भी किया था। सरकार के पास सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (SEBI) के पास अप्रूवल के लिए नए पेपर दाखिल किए बिना IPO लॉन्च करने के लिए 12 मई तक का टाइम है। अगर IPO अभी लॉन्च नहीं हुआ है तो इसे अगस्त या सितंबर तक टालना होगा क्योंकि अपडेटेड तिमाही नतीजों के साथ नए पेपर और वैल्यूएशन सेबी के पास दाखिल करने होंगे। LIC का इश्यू भारतीय शेयर बाजार में अब तक का सबसे बड़ा IPO होगा। सरकार LIC की कुछ हिस्सेदारी बेचकर 30,000 करोड़ रुपए जुटा सकती है।




# जीएसटी परिषद ने राज्यों से कर दरों में बढ़ोतरी पर नहीं मांगी रायः सूत्र

नई दिल्ली / यूटर्न / 23 अप्रैल। जीएसटी परिषद ने कर दरों में बढ़ोतरी पर राज्यों से राय नहीं मांगी है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी है। सूत्रों ने कहा कि जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाने पर विचार कर रहे मंत्रियों के पैनल को अभी अपनी रिपोर्ट जीएसटी परिषद को सौंपनी है। बता दें कि परिषद ने पिछले साल कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई की अध्यक्षता में राज्य मंत्रियों का एक पैनल गठित किया था, जो कर दरों को युक्तिसंगत बनाकर राजस्व बढ़ाने के तरीकों का सुझाव देगा। सूत्रों ने कहा कि 143 वस्तुओं पर दरों में बढ़ोतरी को लेकर राज्यों से विचार नहीं मांगा गया है इसके साथ ही, सूत्रों ने कहा, आधे से अधिक वस्तुओं को 28 प्रतिशत के उच्चतम कर जीएसटी स्लैब में स्थानांतरित करने का भी कोई प्रस्ताव नहीं है। इससे पहले बीते रविवार को समाचार एजेंसी पीटीआइ ने रिपोर्ट किया था कि अगले महीने होने वाली जीएसटी परिषद की बैठक में 5 प्रतिशत वाले कर स्लैब को खत्म किया जा सकता है और इसके साथ ही 5 प्रतिशत स्लैब के कुछ ज्यादा खपत वाले उत्पादों को 3 प्रतिशत वाले स्लैब में जबकि बाकियों को 8 प्रतिशत वाले स्लैब में डाला जा सकता है। पीटीआइ ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी थी। उस रिपोर्ट में कहा गया था कि राजस्व बढ़ाने को लेकर ज्यादातर राज्यों की यह राय है। हालांकि, अभी पीटीआइ ने सूत्रों के हवाले से जानकारी दी है कि जीएसटी परिषद ने राज्यों से राय नहीं मांगी है। बता दें कि अभी जीएसटी में 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत के चार कर स्लैब हैं। सोने और स्वर्ण आभूषणों को तीन प्रतिशत वाले स्लैब में रखा गया है। वहीं, कुछ बिना ब्रांड और बिना पैकिंग वाले उत्पादों को जीएसटी में नहीं रखा गया है।




# एचडीएफसी बैंक ने किया शेयरधारकों को 1550% लाभांश देने का ऐलान

नई दिल्ली / यूटर्न / 23 अप्रैल। भारत के सबसे बड़े निजी ऋणदाता एचडीएफसी बैंक ने 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए अपने शेयरधारकों को 15.50 रुपये या 1,550 प्रतिशत प्रति इक्विटी शेयर लाभांश की घोषणा की है। एचडीएफसी बैंक ने नियामक फाइलिंग में जानकारी दी कि उसके निदेशकमंडल ने 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वित्त वर्ष के शुद्ध लाभ में से शेयरधारकों को एक रुपये के शेयर पर 15.50 रुपये का लाभांश देने की सिफारिश की है। हालांकि, इसके साथ ही यह भा बताया कि ये निर्णय वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। रिकॉर्ड तिथि 13 मई, 2022 तय की गई है। वह निवेशक जिनके खाते में रिकॉर्ड तिथि के अनुसार शेयर हैं, वह इक्विटी शेयरों के हकदार होंगे। बता दें कि पिछले हफ्ते, निजी ऋणदाता एचडीएफसी बैंक ने मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ में सालाना आधार पर 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो 10,055.20 करोड़ रुपये होते हैं। एक साल पहले की तिमाही में बैंक को 8,187 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। हाल ही में सभी को आश्चर्यचकित करते हुए बैंक ने अपनी मूल कंपनी एचडीएफसी के साथ विलय की घोषणा की थी। इसकी प्रक्रिया लगभग 18 महीनों में पूरी होनी है। तब एचडीएफसी बैंक ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा था, 'ट्रांसफॉर्मेशनल मर्जर से एचडीएफसी बैंक में एचडीएफसी लिमिटेड 41 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी।

# विकास प्रोजेक्टों को शुरू करवाने के लिए विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल ने सीएम मान से की मुलाकात



लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। बुड्ढा दरिया कायाकल्प प्रोजेक्ट में तेजी लाने और ताजपुर कूड़ा डंप की समस्या हल करवाने समेत हलका पूर्वी के विकास प्रोजेक्टों को जल्दी शुरू करवाने के लिए विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल भोला ने मुख्यमंत्री भगवंत मान से मुलाकात की। विधायक दलजीत ग्रेवाल भोला ने मुख्यमंत्री को बताया कि कायाकल्प प्रोजेक्ट की रफ्तार बेहद धीमी है। अफसर इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस प्रोजेक्ट को पहल के आधार पर जल्दी पूरा करवाया जाए। इसके अलावा ताजपुर कूड़ा डंप हलका पूर्वी के लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। उन्होंने कहा कि कूड़ा डंप पर बिना प्रोसेस किए गए कूड़े के पहाड़ बने हैं। गर्मियां शुरू होते ही इस कूड़े पर आग लग जाती है और पूरे हलके में जहरीला धुआं फैल जाता है। इसकी वजह से लोगों को सांस लेने में भी दिक्कत होती है। उन्होंने कहा कि शहर में कूड़ा मैनेजमेंट के लिए अभी कोई कंपनी नहीं है। हर दिन 1200 टन कूड़ा निकलता है जिसे इसी डंप में लाया जाता है। उन्होंने कहा कि सवा साल से शहर में कूड़े की प्रोसेसिग बंद है लेकिन अफसर इस पर गंभीरता से काम नहीं कर रहे हैं। भोला ग्रेवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान से हलका पूर्वी के विकास प्रोजेक्टों पर भी चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री को कहा है कि हलके में जो स्कूलों का काम शुरू हुआ है उसे पूरा करवाने के लिए संबंधित अफसरों को निर्देश जारी किए जाएं। उन्होंने कहा कि हलका पूर्वी के लोगों को रजिस्ट्री करवाने के लिए दूर जाना पड़ रहा है। यही नहीं बिना एनओसी के लोगों को न तो बिजली मीटर मिल रहे हैं और न ही उनकी रजिस्ट्रियां हो रही हैं। जिसकी वजह से आम लोगों को बेहद परेशानी हो रही है। भोला ग्रेवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलया है कि जल्दी ही हलका पूर्वी के सभी विकास प्रोजेक्टों को भी पूरा करवाया जाएगा। कूड़ा डंप व बुड्ढा दरिया प्रोजेक्ट पर भी काम में तेजी लाई जाएगी।

## चंडीगढ़ जेल में विस्फोटक सामग्री मिलने के बाद हरकत में आई लुधियाना पुलिस, सेंट्रल जेल में हुई चैकिंग



लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। लुधियाना ताजपुर रोड की सैंट्रल जेल के बाहर आज शहर की 6 थानों की पुलिस ने चैकिंग अभियान चलाया, जिसमें पुलिस के आलाअधिकारी व थानों के इंस्पैक्टर और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। यह चैकिंग गत दिवस चंडीगढ़ में जेल के बाहर से मिले विस्फोटक सामग्री के बाद की गईऔर जेल की दीवार के साथ-साथ लगते इलाकों में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। आज दोपहर बाद पुलिस की गाड़ियों पहुंचने के बाद इलाके में चैकिंग करते हुए जेल की दीवार के बेहद करीब लगते मकानों की छतों पर भी जाकर मुआयना किया गया। इस चैकिंग टीम की अगुवाई ए.सी.पी. सुरिन्द्रपाल व जेल के डी.एस.पी. अश्वनी शर्मा ने की व दोनों अधिकारियों ने सुरक्षा प्रबंधों को लेकर मौके पर चर्चा की। जानकारी देते ए.सी.पी. सुरिन्द्रपाल ने बताया कि आज यह चैकिंग अभियान जेल के आसपास होने वाली किसी भी संदिग्ध गतिविधि को रोकने के लिए की जा रही है व सारी कार्रवाई की सूचना उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि जेल के करीब रिहायशी इलाका भी लगता है, जहां पर विभिन्न घरों में पूछताछ की गई है, ताकि कोई संदिग्ध किसी घर में शरण न ले पाए।



लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। लुधियाना के श्री दंडी स्वामी मंदिर में फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन प. राज कुमार शर्मा जी की अध्यक्षता में लगाया गया । जिसमें खास तौर पर दांतों के माहिर डॉक्टर पूजा मेहरा द्वारा मरीजों की जांच की गई।डॉक्टर पूजा मेहरा ने मरीजों को टिप्स देते हुए कहा कि हमे अपने दांतो की देखभाल करने चाहिए ताकि हमारे दांत तंदुरुस्त और मजबूत रहे सके। -फोटो: विशाल ढल्ल

# अल्का लांबा पर दर्ज मामले के विरोध में युवा कांग्रेसियों ने फूंका केजरीवाल का पुतला

### कहा-सियासी बदलाखोरी के लिए पंजाब पुलिस का किया जा रहा गलत प्रयोग



लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। युवा कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा मोती नगर में ज़िला युवा कांग्रेस लुधियाना शहरी के महासचिव आकाश तिवारी की अगुवाई में कांग्रेसी नेता अल्का लांबा के ख़िलाफ़ पंजाब पुलिस द्वारा दर्ज किए गए मामले के ख़िलाफ़ प्रदर्शन और दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल का पुतला फूंका गया। इस अवसर पर ज़िला युवा कांग्रेस लुधियाना शहरी के अध्यक्ष योगेश हांडा विशेष तोर पर शामिल हुए। इस मौक़े पर योगेश हांडा ने कहा कि पंजाब आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्ली में बैठे अरविंद केजरीवाल के हाथों की कठपुतली बन गई है.आप सुप्रीमो सियासी बदलाखोरी के लिए पंजाब पुलिस का गलत प्रयोग कर रहे है। अपने सियासी विरोधियों को चुप करवाने के लिए उन पर झूठे पर्चे दर्ज किए जा रहे है। पंजाब के लोग बेटियों का सम्मान करते है जबकि यह बाहरी लोग पंजाब की सभ्यता को नहीं समझ सकते। पंजाब पुलिस की ज़िम्मेवारी पंजाब के लोगों की रक्षा के लिए और पंजाब में अमन क़ानून क़ायम रखने के लिए है उन्होंने ने कहा कि पंजाब पुलिस का दुरुपयोग करके एक महिला पर की जा रही धक्केशाही को बर्दाश्त नहीं करेंगे। प्रदर्शनकारियों ने अल्का लांबा व कुमार विश्वास पर किए पर्चों को तुरन्त रद्द करने की मांग की।

# खाली प्लॉट से खुर्द बुर्द हालत में मिला महिला का शव

विक्रम सैनी



लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। पंजाब के शहर लुधियाना में बस्ती जोधेवाल के अधीन इलाका नूरवाला रोड पर एक खाली प्लाट में खुर्दबुर्द किया हुआ महिला का शव मिला। घटनास्थल पर थाना बस्ती जोधेवाल के एसएसओ लाभ सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का मौका मुआयना किया और मामले की जांच अभी जारी है। मृतक की पहचान गुड्डी देवी के रूप के हुई है । कुत्तों का नोच खाया हुआ लग रहा शव शव की हालत से पता चलता है कि कुत्तों द्वारा शव नोचा लग रहा है। मामला कत्ल का लग रहा है। पूरी रात कुत्तों ने नोचा शव शव की हालत से पता चलता है कि शव को कुत्तों ने नोचा खाया है। इलाका निवासियों की माने तो पिछले दो - तीन दिन से रात के समय कुत्ते भी इस खाली प्लाट में खूब भोंक रहे थे। मामला कत्ल का लग रहा है। शव की हालत इतनी बिगड़ चुकी थी और शरीर का पिंजर तक बाहर आ गया था। लाश की बदबू पूरे मोहल्ले में फैल गई जिसके बाद लोगों को शक हुआ कि रात के समय कुत्तों ने भी महिला के शव को नोच खाया है। पूरे इलाके में दहशत का माहौल पसर गया है। शौच गए लोगों ने देखी लाश, मचा हड़कंप खाली प्लाट के पास रहते कई लोग शौच के लिए इसी में आते थे। रविवार सुबह करीब 12:30 बजे जब कोई व्यक्ति शौच करने खाली प्लाट में गया तो वह महिला का पिंजर देखकर दहल गया। उस व्यक्ति ने ही पूरे इलाके में शोर मचाया और पुलिस को सूचित किया। फैक्टरी में मजदूरी का काम करती थी महिला मरने वाली महिला की बेटी पायल ने बताया कि उसकी मां नजदीक ही किसी फैक्ट्री में मजदूरी का काम करती थी। पिछले 5 दिनों से उसकी माता लापता चल रही थी । माता की तालाश के लिए उन्होंने सभी रिश्तेदारों में खोज कर ली लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल रहा था । करीब 5 दिन पहले ही उन्होंने थाना जोधेवाल पुलिस में माता के लापता होने की शिकायत दर्ज करवाई। गले में पहनी माला से हुई महिला की पहचान मृतक गुड्डी देवी की बेटी पायल को पुलिस ने जब शव की पहचान के लिए बुलाया। मौके पर पहुँची पायल के पैरों तले जमीन खिसक गई जब उसने देखा कि उसकी माँ के गले में पहनी हुई माला ही उस पिंजर के पड़ी हुई है। यह देख पायल और उसके पति का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

## संदीप नंगल अंबिया मर्डर मामले में पुलिस ने 2 और आरोपी किए काबू

जालंधर / यूटर्न / 23 अप्रैल। पिछले दिनों में इंटरनेशनल कबड्डी खिलाड़ी संदीप नंगल अंबिया को गैंगस्टर ने गोली मारकर मौत के घाट उतारने के बाद कबड्डी जगत में काफी जायदा मायूसी का माहौल देखने को मिला था।

कबड्डी खिलाड़ी संदीप नंगल अंबिया के कत्ल के बाद पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर कातिलों को ना पकड़े जाने के कारण कबड्डी प्रेमियों में काफी रोष देखने को मिला था । पुलिस का इस मामले पर कहना था कि पुलिस इस मामले की पूरी जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। अब दिल्ली पुलिस द्वारा मिली इनपुट के आधार पर पंजाब पुलिस तथा दिल्ली पुलिस ने दो गैंगस्टर को दिल्ली और यूपी से काबू किया है जिन में से एक आरोपी दिल्ली से और दूसरे को यूपी से पकड़ा गया है जिनका नाम शूटर विकास तथा फौजी बताया जा रहा है।

जालंधर देहात के एसएसपी स्वपन शर्मा ने बताया कि अभी ऑपरेशन चल रहा है और इस मामले पर अभी और भी कई खुलासे हो सकते हैं और उन्होंने दोनों के पकड़े जाने की भी पुष्टि की है।

# क्राइम ब्रांच-2 ने 40 किलो पोस्त पाउडर समेत दो आरोपियों को दबोचा



लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। कौस्तुभ शर्मा द्वारा ड्रग्स के खिलाफ शुरू किए गए विशेष अभियान के तहत माननीय वरिंदरपाल सिंह बराड़ पी.पी.एस. डीसीपी जांच लुधियाना, श्री जगतप्रीत सिंह पीपीएस एडीसीपी जांच लुधियाना और हरमिंदर सिंह पीपीएस। एसीपी इन्वेस्टिगेशन-2/लुधियाना, आईएनएसपी के दिशा-निर्देशों के अनुसार। अपराध शाखा-2/लुधियाना प्रभारी प्रवीण रणदेव के निर्देशानुसार शाखा-2/लुधियाना की पुलिस पार्टी ने संजय गांधी चौक ताजपुर रोड, लुधियाना और जगतार सिंह पुत्र परमजीत सिंह निवासी मोहल्ला पुनीत नगर से मुखबिर को सूचना दी है। टिब्बा रोड लुधियाना व गुरदीप सिंह उर्फ गोल्डी पुत्र जरनैल सिंह निवासी मोहल्ला न्यू विजय नगर, टिब्बा रोड, लुधियाना। पूछताछ करने पर उसने कहा कि भुक्कियां राजस्थान के मंगलवाड़ा जिले के एक ढाबे से सस्ते दाम में लाई थीं। केस संख्या: 80 पुलिस थाना संभाग संख्या 07, लुधियाना में पंजीकृत पुलिस रिमांड प्राप्त करने के बाद आगे की पूछताछ की जाएगी और वे किसे आपूर्ति करते हैं? गिरफ्तार आरोपी का नाम और विवरण 2. गुरदीप सिंह उर्फ गोल्डी पुत्र जरनैल सिंह निवासी मोहल्ला न्यू विजय नगर, टिब्बा रोड, लुधियाना उम्र करीब 30 वर्ष ट्रक चलाता है।

# अब पूर्व ट्रस्टी विकी जिप्सी की दुकानों में तोड़फोड़ को लेकर चर्चा में, बीजेपी नेता सिद्धू ने की शिकायत



लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। निरंतर विवादों में रहने वाला इंप्रूवमेंट ट्रस्ट में आजकल नया विवाद शुरु हो गया है। जिसके तहत कांग्रेसी नेता व पूर्व ट्रस्टी विकी जिप्सी शहर में काफी चर्चा में आ गये हैं। जानकारी के अनुसार पूर्व ट्रस्टी विक्की शर्मा ने ई ऑक्शन में खरीदी दो दुकानों में से बीच की दीवार निकाल इन्हें एक बनाने के लिए मजदूर लगा रखे थे। जिसे लेकर बीजेपी नेता एडवोकेट विक्रम सिद्धू ने लोकल गवर्नमेंट सहित अन्य विभागों को शिकायत की। जिसके बाद ट्रस्ट की एग्जीक्यूटिव अधिकारी कुलजीत कौर की दिशानिर्देशों पर इसकाम को रुकवा दिया गया। शिकायत में सिद्धू ने लिखा है कि ट्रस्ट के प्लान में किसी तरह का भी फेरबदल नहीं किया जा सकता, लेकिन मौके पर दीवारें और पिलर निकाले जा रहे हैं। जिसके लिए लेबर का इस्तेमाल सरेआम किया जा रहा है और इसका मलबा भी बाहर फैंका जा रहा है।



गौरतलब है कि इन दुकानों की ऑप्शन के समय भी इन्हें लेकर विवाद खड़ा हुआ था इंप्रूवमेंट ट्रस्ट की ओर से इन दुकानों को अपने पब्लिक नोटिस में 24 एकड़ स्कीम में दिखाया गया था। जबकि यह दुकाने 100 एकड़ स्कीम के तहत आती थी।

ट्रस्टी विकी जिप्सी ने कहा कि उन्होंने पिछले दिनों बोली में दो बूथ खरीदे थे जो कि आगे-पीछे होने के चलते वह उसमें से बीच की दीवार निकाल उन्हें एक कर रहे थे। बीजेपी नेता एडवोकेट विक्रम सिद्धू ने कहा कि

# गीतांजलि लेडीज क्लब में हुआ चल मेले नू चलिए समारोह










लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। लुधियाना के गीतांजलि लेडीज क्लब ने चल मेले नू चलिए इवेंट करवाया। जिसमे नई टीम प्रेरणा का गठन सत्र 2022-2023 के लिए हुआ। इसमें प्रेसिडेंट अंजू शर्मा, सेक्रेटरी सुरजीत नागपाल, कोषाध्यक्ष रीता सूद, कार्यकारी बिंदु बंसल और रूपाली शर्मा बने। तंबोला खेला गया। सरस्वती और गणेश वंदना हुई। आदर्श कुंद्रा और जे बिंद्रा ने टीम को बधाई दी। क्लब के सदस्यों ने डांस किया। समारोह को सफल बनाने के लिए सांस्कृतिक समिति और पूर्व नवचेतना टीम ने भरपूर प्रयास किया। इस मौके पर सभी सलाहकार सदस्य आदर्श जस्सल, मधु नंदा, शील लिखयानी, सुधा महाजन, उषा टक्कर, शारदा शर्मा, डॉ. अचला गुप्ता, ज्योति चोपड़ा, आशा मिगलानी, रोशन गुप्ता, जतिंदर वालिया, गुरमीत वालिया, करुणा जैन, मंजू दीवान और अनीता गुप्ता उपस्थित रही। -फोटोः विशाल ढल्ल

# श्री दुर्गा माता मंदिर का 72वां स्थापना दिवस 26 अप्रैल को

## ट्रस्ट के सदस्यों ने डी.सी. सुरभि मलिक एवम पुलिस कमिश्नर कौस्तुभ शर्मा को दिया निमंत्रण पत्र




लुधियाना / यूटर्न / 23 अप्रैल। लुधियाना श्री दुर्गा माता मंदिर का 72वां स्थापना दिवस श्री दुर्गा माता मंदिर ट्रस्ट की ओर से 26 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी ट्रस्ट के सदस्यों ने दी ।उन्होंने बताया कि समारोह में रात्रि 8 बजे डिप्टी कमिशनर सुरभि मलिक, पुलिस कमिशनर डा. कौस्तुभ शर्मा व जेमिनी स्विंग मशीन के एम.डी. विनय दुआ परिवार की ओर से ज्योति प्रचंड व पूजन किया जाएगा। उसके बाद डा. राजेश यूनिवर्स 'यमुनानगर वाले महामाई का गुणगान कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट के सदस्यों की ओर से स्थापना दिवस को लेकर तैयारियां जोरों पर की जा रही हैं। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मंदिर प्रांगण को रंग-बिरंगी लाइटों के साथ सजाया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट की और से निमंत्रण पत्र बांटे जा रहे है उनके तरफ से डिप्टी कमिश्नर सुरभि मलिक और पुलिस कमिश्नर कौस्तुभ शर्मा को निमंत्रण पत्र दिया गया। इस अवसर पर महासचिव बी.के गोयल, सीनियर वाइस चेयरमैन वरिंदर मित्तल, सचिव अश्वनी जैन, कार्यकारिणी सदस्य अनिल भारती आदि मौजूद रहे।

# बरनाला की तहसील में तैनात पटवारी का शव डीसी कांप्लेक्स के टॉयलेट से मिला



बरनाला / यूटर्न / 23 अप्रैल। पिछले चार दिन से लापता बरनाला की तहसील में तैनात पटवारी हरदीप सिंह हैप्पी (30) का खून से लथपथ शव डीसी कांप्लेक्स की पहली मंजिल के शौचालय में मिलने से हड़कंप मच गया है। गांव पंडोरी के रहने वाले हरदीप 21 अप्रैल से घर से लापता थे। स्वजन उनकी तलाश में जुटे हुए थे कि उन्हें उनका शव मिलने की सूचना मिली। इसके बाद थाना सिटी दो की पुलिस ने शव को सिविल अस्पताल के शव गृह में पोस्टमार्टम के लिए रखवा कर अगली जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर लखविंदर सिंह ने बताया की रविवार को डीसी कांप्लेक्स की पहली मंजिल पर बने शौचालय में चौकीदार जब शौच करने गया तो उसने वहां पर एक खून से लथपथ शव देखा। उसे देखकर वह डर गया और उन्होंने तुरंत इस बारे में पुलिस को सूचना दी। लखविंदर सिंह ने बताया कि शव सड़ने लगा था। उसमें से बदबू उठ रही थी। बड़ी मुश्किल से उसे शौचालय से बाहर निकाला गया हैं। सब इंस्पेक्टर ने बताया कि शव को जहां पर भी पकड़ते थे, वहीं से बाडी टूटने लगती थी। पुलिस ने मोबाइल नंबर की लोकेशन के आधार पर गहन जांच पड़ताल शुरू कर दी हैं। लखविंदर सिंह ने बताया कि हरदीप सिंह उर्फ हैप्पी पुत्र स्वर्गीय भोला सिंह की पत्नी हरजिंदर कौर (आईसीआईसी बैंककर्मी) ने बताया कि पति 21 अप्रैल से घर से लापता थे। उनका पूरा परिवार उनकी तलाश में जुटा हुआ था।

# मुलेठी की आड़ में तस्करीः कस्टम ने प्लास्टिक कैप्सूल से बरामद की 700 करोड़ की हेरोइन

अमृतसर / यूटर्न / 23 अप्रैल। अफगानिस्तान से मुलेठी की आड़ में सप्लाई की गई 700 करोड़ रुपए की हेरोइन कस्टम विभाग ने अटारी बॉर्डर पर बरामद की है। बरामद 102 किलो हेरोइन मुलेठी की 340 बोरियों में प्लास्टिक कैप्सूल में भरकर भेजी गई थी। कस्टम टीम को इसकी जांच में ही 24 घंटे से अधिक समय लग गया। प्राथमिक जांच में तस्करी के तार अमृतसर और दिल्ली से जुड़ रहे हैं। फिलहाल विभाग ने सारा माल बरामद कर आगे जांच शुरू कर दी है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान से व्यापार के लिए अटारी सीमा पर इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट बनी है। अफगानिस्तान के मजार-ए-शरीफ शहर की अलेम नाजिर कंपनी ने चेकपोस्ट पर 340 बोरियों में मुलेठी की सप्लाई भेजी थी। यह खेप ट्रांसपोर्ट खेबर एजेंसी के शिनवारी कोटला के रहने वाले कायूम उल्लाह ने यहां पहुंचाई। ट्रांसपोर्ट कंपनी की गाड़ी 22 अप्रैल को ही 340 बोरियों को उतार वापस चली गई थी। पूरे खेप को कारगो टर्मिनल के गोदाम नंबर 2 में रखा गया था। 23 अप्रैल को जांच के दौरान कस्टम ने एक बोरी को खोला तो उसमें से मुलेठी के साथ-साथ हेरोइन की खेप मिली। कस्टम विभाग को पूरी खेप की जांच करने के लिए 24 घंटे से अधिक का समय लगा। रातभर कस्टम 340 बोरियों की जांच करती रही।




## एक्स-रे मशीन से मिला क्लू

कस्टम अधिकारी राहुल नागरे ने बताया कि खेप की जांच एक्स-रे मशीन से की जा रही थी। तभी मुलेठी के अलावा कुछ वूडन ब्लॉक भी इन बोरियों में नजर आए। इसके बाद बोरियां खोलकर जांच शुरू की गई। वूडन ब्लॉक को खोला गया तो उसमें हेरोइन को प्लास्टिक के कैप्सूल में छिपाया गया था।

## बोरियों से निकले 485 वूडन ब्लॉक

एक्स-रे के बाद सभी बोरियों की जांच की गई और सभी से कुल 485 वूडन ब्लॉक बरामद हुए। कस्टम अधिकारी राहुल नागरे ने बताया कि इन्हीं ब्लॉक में 102 किलोग्राम हेरोइन की खेप छिपाई गई थी। फिलहाल खेप को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। अभी इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस हेरोइन की कीमत 700 करोड़ रुपए आंकी जा रही है।

## राजधानी दिल्ली से जुड़े तार

अफगानिस्तान से आई मुलेठी की 340 बोरियों को मजीठा मंडी से जुड़े कस्टम हाऊस एजेंट नीरज ने छुड़वाना था। इतना ही नहीं, यह पूरा माल दिल्ली के लिए रवाना किया जाना था। फिलहाल यह पूरी खेप अब कस्टम ने अपने हाथों में ले ली है और जांच शुरू कर दी गई है।

## 3 साल के बाद पकड़ी बड़ी खेप

ICP पर पकड़ी यह दूसरी सबसे बड़ी खेप मानी जा रही है। इससे पहले 29 जून 2019 को पाकिस्तान से आए नमक की बोरियों में 532 किलो हेरोइन और 52 किलो मिक्स नशीला पदार्थ बरामद किया गया। इसके बाद भारत-पाक संबंधों में रिश्ते बिगड़ गए और व्यापार बंद हो गया। इस बीच अफगानिस्तान के साथ लगातार व्यापार जारी है।


## खबर जरा हटके

# आने वाले दिनों में 2जीबी की फाइल को भी व्हाट्सएप पर भेज पाएंगे

व्हाट्सएप स्पष्ट रूप से एक ऐसी सुविधा विकसित कर रहा है जो उपयोगकर्ताओं को 2GB तक की मीडिया फ़ाइलों को बीटा उपयोगकर्ताओं के चुनिंदा समूह में साझा करने की अनुमति देता है। एक सूत्र के मुताबिक, व्हाट्सएप के आईओएस और एंड्रॉइड दोनों वर्जन पर बड़ी मीडिया फाइल को ट्रांसफर करने की क्षमता का परीक्षण किया जा रहा है। उपयोगकर्ता वर्तमान में केवल 100MB आकार तक की फ़ाइलें भेज सकते हैं। एंड्रॉइड बीटा उपयोगकर्ताओं के लिए व्हाट्सएप को वॉयस मैसेज रिकॉर्डिंग को रोकने और फिर से शुरू करने की क्षमता दिए जाने के कुछ दिनों बाद ही यह घोषणा हुई। WABetainfo, एक वेबसाइट जो व्हाट्सएप से संबंधित अपग्रेड को आम जनता के लिए जारी करने से पहले ट्रैक करती है, अर्जेंटीना में एंड्रॉइड के लिए व्हाट्सएप और आईओएस के लिए व्हाट्सएप के कुछ बीटा उपयोगकर्ता अब 2GB तक की मीडिया फ़ाइलों को स्थानांतरित करने में सक्षम हैं। अध्ययन के अनुसार, व्हाट्सएप बीटा संस्करण 2.22.8.5, 2.22.8.6, और एंड्रॉइड के लिए 2.22.8.7 और आईओएस के लिए बीटा संस्करण 22.7.0.76 को भी संगत अपडेट के रूप में टैग किया गया है। क्योंकि यह एक परीक्षण है, मेटा के स्वामित्व वाले इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप के अभी उपयोगकर्ताओं के लिए यह सुविधा उपलब्ध कराने की संभावना नहीं है। यदि व्हाट्सएप इसे अपने सभी उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध कराने का निर्णय लेता है, तो यह एक अनिवार्य उपकरण बन सकता है। आज के स्मार्टफ़ोन के कैमरा रिज़ॉल्यूशन में सुधार के साथ, मीडिया फ़ाइलें तेजी से बड़ी होती जा रही हैं, जिससे उपयोगकर्ताओं के लिए उन्हें लोगों और प्लेटफ़ॉर्म पर वितरित करना अधिक कठिन हो गया है। यूजर्स को अब इस तरह से व्हाट्सएप का उपयोग करके बड़ी फाइलों को साझा करने के लिए अन्य प्लेटफॉर्म या ऐप पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं होगी।



## आज का विचार




## कार्टून-कोना, राज-नीति







# धर्म की रक्षा हेतु गुरु तेग बहादुर ने दिया था अपना बलिदान

हिन्द की चादर तेग बहादर' व 'हिन्द की ढाल' कह कर सम्बोधित किए जाने वाले विलक्षण शहीद जिन्होंने धर्म की रक्षा हेतु अपना शीश कुर्बान किया और इनके पुत्र श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने इन्हीं के पद चिन्हों पर चलते हुए अपने माता श्री गुजरी जी, चार पुत्रों व अपने अनेकों शिष्यों को धर्म की रक्षा हितार्थ कुर्बान किया। श्री गुरु तेग बहादुर जी एक ऐसी हस्ती हैं जिनकी दरकार हर एक युग को रहती है। उन्होंने समस्त मानव जाति को प्रेरणा देते हुए अपने धर्म पर अडिग रहने का मार्ग प्रशस्त किया। आज से लगभग 347 वर्ष पूर्व घटित हुई सिख इतिहास की जिस महान घटना पर हम चिंतन-मनन कर रहे हैं। यह घटना श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहीदी है, जो 1675 ई को घटित हुई थी। शहीद अरबी भाषा का शब्द है जिसका अर्थ है गवाही देने वाला, खुदा के नाम पर अद्वितीय कुर्बानी की मिसाल कायम करने वाला। श्री गुरु तेग बहादुर जी ने भी अपनी शहीदी से यही मिसाल कायम की। यह इतिहास की वह घटना थी जिस पर हाहकार भी हुआ और जय-जयकार भी हुई। अगर इसके कारणों पर दृष्टिपात किया जाए तो इसके मूल में जबरन किए जा रहे धर्मिक उथल-पुथल की तस्वीर सामने आती है। क्योंकि औरंगजेब हिंदुओं को जबरन मुसलमान बनाना चाहता था।

एक और ज़बर जुल्म था और दूसरी तरफ अन्याय का शिकार हुए लोग व उनका रखवाला था। प्रभु खुद श्री गुरु तेग बहादुर जी के रुप में भारतीय लोगों के धर्म, संस्कृति की रक्षा कर रहा था। इसलिए श्री गुरु महाराज जी को 'तिलक जंझू का राखा' कहकर भी नवाज़ा जाता है। श्री गुरु तेग बहादुर जी का प्रकाश 1 अप्रैल 1621 को श्री अमृतसर साहिब में, श्री गुरु हरगोबिंद जी के घर माता नानकी जी की कोख से हुआ। श्री गुरु तेग बहादुर जी महान तपस्वी, त्यागी, दिव्य महापुरुष, उदारचित्त, परोपकारी, देग तेग के धनी, धर्म की चादर एवं पीडितों के रक्षक हैं।

बाल्य अवस्था से ही गुरु जी समाधि में लीन रहते। जब माता नानकी जी ने इस सम्बन्ध में गुरुदेव के पास चिंता व्यक्त की तो गुरु साहिब कहने लगे 'तेग बहादुर ने शक्तिशाली गुरु बनना है एवं धर्म की रक्षा हेतु बलिदान देना है। वह विश्व के समक्ष एक अद्वितीय मिसाल पेश करेगा जिसे अनादि काल तक याद रखा जाएगा। उस समय औरंगज़ेब का ज़बर चरम



पर था। वह अनैतिक तरीके से लोगों का जबरन धर्म परिवर्तित कर रहा था। या यों कह सकते हैं कि वह पूरी कट्टडुरता व निर्ममता से इस्लाम का प्रचार कर रहा था। वह इतना क्रूर था कि इस्लाम को प्रफुलित करने के लिए, निर्दयता पूर्वक खून की नदियां बहा रहा था। उसे सिर्फ मुसलमान चाहिए थे। ताकि वह हिन्दुस्तान की धरती पर निरंकुश राज्य कर सके।

उधर श्री गुरु तेग बहादुर जी की लोकप्रियता दिन-ब-दिन बढ़ रही थी। लोग अपने धर्म संस्कृति की तरफ आकर्षित हो उनसे जुड़ते जा रहे थे। श्री गुरुदेव की बढ़ती प्रसिद्धि धर्म के ठेकेदारों की आँख की किरकिरी बन रही थी। लोग धर्म परिवर्तन करने के लिए राजी नहीं हो रहे थे व मुगलों द्वारा भारतीय जनता पर फेंके जा रहे सभी हथकंडे निष्फल हो रहे थे। जिसका नतीजा यह हुआ कि मुगल शासक औरंगजेब ने गुरु जी को भांति-भांति से परेशान करना शुरु कर दिया। श्री गुरु नानक देव जी ने अपने उपदेशों द्वारा संसार को 'किरत करो, वंड छको' भाव ईमानदारी से अपना कर्म करते हुए, गरीब जरुरतमंदों की सहायता करते हुए इस संसार में अपना जीवन यापन करो। उन्होंने समाज में फैली अनेकों कुरीतियों का खत्म करके लोगों को धर्म मार्ग पर अग्रसर किया। अज्ञानता का ताप में झुलस रही मानवना को ज्ञान अमृत से सींचकर 4 उदासियां की एवं तत्पश्चात अपनी ज्योति श्री गुरु अंगद देव जी में स्थापित कर गए। और यह क्रम दशम गुरु तक निरंतर चलता रहा। इसी बीच श्री गुरु अर्जुन देव जी को जहाँगीर द्वारा शहीद कर दिया गया। क्योंकि वह हिन्दु धर्म का नामों निशान ही मिटाना चाहता था। श्री गुरु अर्जुन देव जी की शहीदी के पश्चात श्री गुरु हरगोबिंद सिंह जी ने देश-धर्म की रक्षा हेतु दो तलवारें मीरी-पीरी धरण की। उनकी मीरी की तलवार मुगलों के संग टकराई उन्होंने जालिमों को यह बता दिया कि अगर हमें शांति से नहीं रहने दिया जाएगा तो हमें तलवार उठाने में कोई समस्या नहीं। और इधर औरंगज़ेब भी एक ज़ाहिल व ज़ालिम हाकिम था। जिसकी विकृत मानसिकता का कोई पारावार न था। वह दंड, भेद किसी भी तरीके से हिन्दुओं को अपने पैरों तले रौंदना चाहता था। राजा बनते ही उसने मंदिरों व ठाकुर द्वारों को तोड़ना शुरु कर दिया। जिसके तहत मथुरा, बनारस व उदयपुर के 236 से भी ज्यादा मंदिर, अंबर के 66 एवं जयपुर, उज्जैन, विजयपुर एवं महाराष्ट्र के अनेकों मंदिर नेस्तोनाबूद कर दिए गए। दिल्ली में हिंदुओं के जमुना किनारे संस्कार पर रोक लगा दी गई। हिंदुओं का घोड़े व हाथी पर सवारी करना मना कर दिया गया। संक्षिप्त में कहे तो वह हिंदुओं के आत्म सम्मान पर कुठाराघात करना चाहता था। इन सबके पीछे उसका एक ही मकसद था कि हिन्दु तंग आकर इस्लाम स्वीकार कर लें।

जब इतना सब कुछ करके भी उसकी दाल न गली तो उसके शैतानी दिमाग ने बहुत ही खुरापाती व दर्दनाक खाका तैयार किया। कश्मीर उस समय हिन्दुओं की सभ्यता संस्कृति का गढ़ माना जाता था। वहाँ के पंडित अपनी विद्वता के कारण पूरी दुनिया में प्रसिद्ध थे। इसलिए औरंगजेब़ के गंदे दिमाग ने चाल चलते हुए वहाँ के हिन्दुओं को जबरदस्ती मुसलमान बनाने के लिए उन पर अमानवीय अत्याचार शुरु कर दिए। जो भी इस्लाम स्वीकार करने से मना करता उसे मौत के घाट उतार दिया जाता। इतने जुल्म के बाद भी उनकी सार लेने वाला कोई नहीं था। इसलिए कशमीरी पंडितों ने निर्णय किया कि इस समय श्री गुरु नानक देव जी की गद्दी पर आसीन श्री गुरु तेग बहादुर जी के पास जाकर धर्म की रक्षा हेतु पुकार करनी चाहिए। क्योंकि वही एक ऐसे महापुरुष हैं जो निष्पक्ष रुप से धर्म के पक्ष में हैं। कश्मीरी पंडितों पर हो रहे अत्याचारों की दासतां सुनकर गुरुदेव का हृदय द्रवित हो उठा, और वे विचारमग्न हो गए।

# गुवाहाटी घूमने जा रहे हैं तो इन प्रसिद्ध मंदिरों में दर्शन करना ना भूलें, दूर-दूर से आते हैं लोग

गुवाहाटी, पूर्वोत्तर राज्य असम का सबसे बड़ा शहर है। यह भारत के पूरे उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में सबसे बड़ा महानगर भी है, जो इसे इस क्षेत्र के अन्य गंतव्यों के लिए सबसे पसंदीदा मंच बनाता है। एक तरफ ब्रह्मपुत्र नदी और दूसरी तरफ शिलांग पठार से घिरा यह शहर पहले प्रागज्योतिषपुरा के नाम से जाना जाता था। यह शहर चारों ओर से छोटी-छोटी पहाड़ियों से घिरा हुआ है और अपनी प्राकृतिक सुंदरता से पर्यटकों को आकर्षित करता है। गुवाहाटी में कई प्राचीन मंदिर भी हैं जहां हर साल लाखों लोग धार्मिक उद्देश्यों के लिए आते हैं। आज के इस लेख में हम आपको गुवाहाटी के प्रसिद्ध मंदिरों के बारे में बताने जा रहे हैं -



### कामाख्या मंदिर

कामाख्या मंदिर, गुवाहाटी के सबसे पवित्र और लोकप्रिय स्थानों में से एक है। यह देवी दुर्गा के 51 शक्तिपीठों में से एक है और सबसे महत्वपूर्ण तीर्थ केंद्रों में शामिल है। मुख्य मंदिर के अंदर देवी त्रिपुरसुंदरी, मातंगी और कमला की मूर्तियां हैं, जबकि अन्य सात रूप मुख्य मंदिर के आसपास के अलग-अलग मंदिरों में पाए जाते हैं।

### उग्रतारा मंदिर

उग्रतारा मंदिर, जिसे उग्रो तारा मंदिर भी कहा जाता है, देवी काली को समर्पित है, यह मंदिर जोर पुखुरी, उज़ान बाज़ार के पश्चिमी किनारे पर स्थित है। उग्रतारा मंदिर असम के सबसे महत्वपूर्ण तीर्थस्थलों में से एक है। ऐसा माना जाता है कि देवी उग्र तारा, माता पार्वती का दूसरा रूप हैं। मंदिर के गर्भगृह में देवी की मूर्ति नहीं है। इसके बजाय, पानी से युक्त एक छोटा सा गड्ढा देवी के रूप में माना जाता है और उसकी पूजा की जाती है।

### भुवनेश्वरी मंदिर

नीलाचल पहाड़ी की चोटी पर स्थित प्रसिद्ध भुवनेश्वरी मंदिर, गुवहाटी के लोकप्रिय मंदिरों में से एक है। यह मंदिर देवी भुवनेश्वरी को समर्पित है, जो हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार दस महाविद्या देवियों में से एक है। इस मंदिर में पत्थर की संरचना काफी हद तक कामाख्या मंदिर के समान है। अंबुबाची और मनशा पूजा के दौरान दुनिया भर से बड़ी संख्या में भक्त यहाँ आते हैं।

### उमानंद मंदिर

ब्रह्मपुत्र नदी के बीच मयूर द्वीप पर स्थित, उमानंद मंदिर, गुवाहाटी के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। भगवान शिव को समर्पित इस मंदिर का निर्माण अहोम राजा गदाधर सिंह के शासन में किया गया था। हर साल शिवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में उपासक यहाँ आते हैं। मंदिर न केवल भव्य और सुंदर है बल्कि इसके चारों ओर ब्रह्मपुत्र नदी का नजारा भी मनोरम है।

# काउंटी चैंपियनशिप में पुजारा ने ठोका शतक



ब्रिटेन। काउंटी क्रिकेट में ससेक्स के लिए दोहरे शतक के बाद अब शतक जमाकर चेतेश्वर पुजारा ने फॉर्म में वापसी का संकेत दे दिया है। एक वक्त टीम इंडिया की नई दीवार कहे जा रहे चेतेश्वर पुजारा को दक्षिण अफ्रीकी दौरे पर खराब प्रदर्शन के कारण इंडियन टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया। कहा जाने लगा था कि शायद अब उनके लिए वापसी मुमकिन नहीं होगी क्योंकि नए खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में चेतेश्वर पुजारा ने इंग्लैंड में चल रहे काउंटी चैंपियनशिप में हिस्सा लेने का फैसला किया। ससेक्स की टीम ने टूर्नामेंट में अब तक तीन मुकाबले खेले हैं, जिनमें से दो मैच के दौरान चेतेश्वर पुजारा को टीम में शामिल किया गया। पहले मुकाबले में चेतेश्वर पुजारा के दोहरे शतक की बदौलत ससेक्स की टीम मुकाबला ड्रॉ कराने में सफल रही थी। दूसरे मैच में वोर्सेस्टरशर के खिलाफ भी पुजारा ने शानदार प्रदर्शन करना जारी रखा। वोर्सेस्टरशर ने मैच में पहले बल्लेबाजी की और अपनी पहली इनिंग में 491 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसके जवाब में ससेक्स की पहली पारी केवल 269 रनों पर सिमट गई। वह तो भला हो चेतेश्वर पुजारा की 109 रनों की पारी का, वरना ससेक्स के लिए 200 रनों का आंकड़ा छूना भी मुश्किल होता। साढ़े 4 घंटे से अधिक समय तक बल्लेबाजी करते हुए पुजारा ने 206 गेंदों का सामना किया। इस दौरान उनके बल्ले से 16 चौके निकले। दूसरी पारी में पुजारा का बल्ला नहीं चला।

# बोरिया मजूमदार पर लगेगा बैन, बीसीसीआई स्टेडियम में एंट्री पर रोक लगा सकता है





मुंबई / यूटर्नः बीसीसीआई ने क्रिकेट इतिहासकार, पत्रकार और बायोग्राफी राइटर बोरिया मजूमदार के खिलाफ 2 साल का बैन लगाने की तैयारी कर ली है। मजूमदार पर विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा को इंटरव्यू के नाम पर धमकाने का आरोप है। बीसीसीआई के एक टॉप सूत्र ने इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत करते हुए बताया - हम देशभर के तमाम स्टेट यूनिट्स को सूचित करने जा रहे हैं कि बोरिया को किसी भी स्टेडियम में घुसने की इजाजत न दी जाए। घरेलू मुकाबलों में भी बोरिया को मीडिया एक्रीडेशन नहीं दिया जाएगा। मीडिया एक्रीडेशन ना मिलने का अर्थ है कि मजूमदार अब टीम इंडिया की किसी भी प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल नहीं हो पाएंगे। इसके अलावा सभी भारतीय खिलाड़ियों को भी विशेष तौर पर बोरिया मजूमदार से किसी किस्म की बातचीत न करने के लिए कहा जाएगा। बोर्ड इसके अलावा ICC से भी बोरिया की शिकायत करेगा और उन पर दुनियाभर में होने वाले ICC टूर्नामेंट से बैन लगाने को कहेगा। यह मामला तब प्रकाश में आया था , जब इस साल 19 फरवरी को गुजरात टाइटंस के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा ने एक स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए लिखा था कि भारतीय क्रिकेट में इतना योगदान देने के बाद मुझे एक तथाकथित रेस्पेक्टेड पत्रकार से ये सब झेलना पड़ रहे है। हमारे देश में पत्रकारिता कितने न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है।


साहा ने इस दौरान मजूमदार के स्क्रीनशॉट्स शेयर किए थे। उनमें लिखा था कि ' तुमने मुझे कॉल नहीं किया। मैं दोबारा कभी तुम्हारा इंटरव्यू नहीं करूंगा। मैं अपमान का घूंट आसानी से नहीं पीता। मैं इस चीज को हमेशा याद रखूंगा। टीम इंडिया के पूर्व कोच रवि शास्त्री समेत कई एक्स प्लेयर्स ने बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली से मामले का संज्ञान लेने की अपील की थी। सोशल मीडिया के जरिए मामले के सामने आने के बाद बीसीसीआई ने उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, ट्रेजरर अरुण धूमल और एपेक्स काउंसिल मेंबर प्रभतेज भाटिया के रूप में 3 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था।

# रिपोर्टर के सवाल पर भड़कीं माहिरा शर्मा



टीवी के रियलिटी शो बिग बॉस 13 की एक्स कंटेस्टेंट माहिरा शर्मा एक रिपोर्टर के सवाल पर भड़क गई हैं। इतना ही नहीं वह गुस्से में रिपोर्टर के सवाल का जवाब दिए बिना वहां से चली गई। दरअसल बीते कुछ दिनों से माहिरा शर्मा का वजन पहले की तुलना में थोड़ा बढ़ा हुआ दिख रहा है। ऐसे में अभिनेत्री के फैंस उनके वजह को लेकर कई बार बात कर चुके हैं। माहिरा शर्मा के बढ़े वजन को लेकर ही एक पंजाबी रिपोर्टर उनसे सवाल किया तो वह भड़क गई और जवाब दिए बिना वहां से उठकर चली गई। माहिरा शर्मा की इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में रिपोर्टर उनसे सवाल करने से पहले पंजाबी में कहता है, 'लोग सेलेब्स को किसी भी तरीके से जीने नहीं देते, कभी लोग कहते हैं कि ज्यादा पतले हो गए, कभी लोग कहते हैं कि ज्यादा मोटे हो गए। रिपोर्टर माहिरा से अपना सवाल करने ही वाला था कि वह भड़क गई और गुस्से में वहां से चली गई। माहिरा ने गुस्से से कहा- मुझे यह सवाल पसंद नहीं आया। यह अच्छा सवाल नहीं हैं।' इसके बाद छोटे पर्दे की यह अभिनेत्री गुस्सा में वहां से चली जाती हैं। अब सोशल मीडिया पर माहिरा शर्मा का यह वीडियो वायरल हो रहा है। अभिनेत्री के फैंस और तमाम सोशल मीडिया उनके वीडियो पर कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। वहीं कई लोग उन्हें ट्रोल भी कर रहे हैं। बात करें माहिरा शर्मा के वर्कफ्रंट की तो वह जल्द पंजाबी फिल्म द रेडुआ रिटर्न्स में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म साल 2018 में आई फिल्म रेडुआ का सीक्वल है। यह एक साइंस फिक्शन फिल्म है और टाइम ट्रैवल पर आधारित है। फिल्म 2255 के अंत के साथ शुरू होती है, जहां वह भविष्य की खोज करते हैं और महसूस करते हैं कि कैसे मनुष्यों ने ग्रह पृथ्वी को खराब कर दिया है। फिल्म में टाइम मशीन और रेडियो की अहमियत को दिखाया गया है। माहिरा शर्मा के अलावा फिल्म द रेडुआ रिटर्न्स में अभिनेत्री सतिंदर सत्ती, कॉमेडियन बीएन शर्मा, डब्ल्यूडब्ल्यूई रेस्लर द ग्रेट खली और गुरप्रीत घुग्गी भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

# सामंथा के लेटेस्ट पोस्ट से हैरान हुए लोग



फिल्म पुष्पा के गाने 'ओ अंटावा' में नजर आने के बाद हिंदी दर्शक भी सामंथा की खूबसूरती के फैन हो गए हैं। सामंथा सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अक्सर नए-नए पोस्ट साझा करते हुए देखी जाती हैं। सामंथा के हर एक पोस्ट उनके चाहने वालों को पसंद भी खूब आते हैं। इसी बीच एक्ट्रेस का लेटेस्ट पोस्ट इस समय इंटरनेट पर चर्चा का विषय बन गया है। सामंथा के नए ट्विटर पोस्ट के सामने आने के बाद लोग जमकर बातें बनाने लगे हैं। एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट में अंग्रेजी में लिखा है, Don't ever mistake MY SILENCE for ignorance, MY CALMNESS for acceptance, My KINDNESS for weakness। इन लाइन्स का हिंदी में मतलब है, कभी मेरी चुप्पी को मेरी अज्ञानता, मेरी शांति को मेरी स्वीकृति, मेरे दयालुता को मेरी कमजोरी समझने की गलती न करें।

# हिना खान का बोल्ड अंदाज देख फैंस के छूटे पसीने



हिना खान ने इंस्टाग्राम पर हालिया फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की है। इसमें उन्हें नाइट गाउन पहन बोल्ड पोज देते हुए देखा जा सकता है। हिना खान की बोल्ड फोटो में थाइज भी नजर आ रही है। वहीं उनके बाल खुले हुए हैं और वह बहुत खूबसूरत लग रही है। हिना खान की तस्वीरों को 20 घंटे में डेढ़ लाख से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं। वहीं इसपर 1000 से ज्यादा कमेंट किए जा चुके हैं। हिना खान की तस्वीर पर फैंस जमकर कमेंट कर रहे हैं। कई लोगों ने इसपर दिल और आग की इमोजी कमेंट की है। हिना खान इन दिनों रॉकी जायसवाल को डेट कर रही हैं। दोनों ने अपने रिश्ते को सार्वजनिक कर दिया है। दोनों जल्द शादी करने वाले हैं।

यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

रविवार 24 अप्रैल 2022

खुद बोलती तस्वीर



# पीएम मोदी ने जम्मू में जलविद्युत परियोजनाओं का किया ई-उद्घाटन

## खुद भी रोशन होगा-देश को भी रोशन करेगा जम्मू-कश्मीर

जम्मू / यूटर्नः केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर अगले चार सालों में बिजली क्षेत्र में खुद आत्मनिर्भर होने के साथ देश के दूसरे हिस्सों में भी बिजली सप्लाई करने में सक्षम हो जाएगा। राष्ट्रीय पंचायत दिवस उत्सव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को सांबा की पल्ली पंचायत में किश्तवाड़ में 850 मेगावाट रतले तथा 540 मेगावाट क्वार जलविद्युत परियोजनाओं का ई-उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं को फरवरी 2026 में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से जम्मू-कश्मीर बिजली क्षेत्र में आधिक्य बन जाएगा।

यह दोनों परियोजनाएं का निर्माण सिंधु जल संधि 1960 के तहत किया जा रहा है और सालों से लटकी पड़ी इन परियोजनाओं के शुरू होने से भारत जल संधि के तहत अपने हिस्से के पानी का भी इस्तेमाल कर पाएगा क्योंकि ये दोनों परियोजनाएं दरिया चिनाब पर बन रही है जो बह कर पाकिस्तान जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय विकास तथा पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह व प्रधानमंत्री कार्यालय में




राज्यमंत्री डा. जितेंद्र सिंह की मौजूदगी में इन दोनों महत्वपूर्ण जलविद्युत परियोजनाओं का ई-उद्घाटन किया। यह दोनों परियोजनाएं नेशनल हायड्रो इलेक्ट्रिक पावर कारपोरेशन (एनएचपीसी) और जम्मू-कश्मीर स्टेट पावर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (जेकेएसपीडीसी) की संयुक्त कंपनी ज्वाइंट वेंचर कंपनी (जेवीसी) पूरा करेगी।

इस कंपनी में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी एनएचपीसी की है जबकि 49 प्रतिशत हिस्सेदारी जेकेएसपीडीसी की है। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में दरिया चिनाब पर तैयार होने वाली रतले जल विद्युत परियोजना पर कुल 5281.94 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। जेकेएसपीडीसी को अपनी 49 प्रतिशत हिस्सेदारी देने में केंद्र सरकार भी सहयोग करेगी। इसके लिए केंद्र सरकार प्रदेश को 776.44 करोड़ रुपये देगी। इसके अलावा एनएचपीसी अपने निजी पूंजी स्त्रोतों से 808.14 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में दरिया चिनाब पर तैयार होने वाली 540 मेगावाट की क्वार जल विद्युत परियोजना पर कुल 4526 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है।यह परियोजना भी जेवीसी पूरा करेगी। यह परियोजना भी पिछले कई सालों से लटकी थी और रविवार को इसका शिलान्यास होने से जम्मू-कश्मीर की बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाने का प्रयास पूरा होगा। रतले व क्वार जल विद्युत परियोजनाओं के शुरू होने से जम्मू-कश्मीर में स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे और जम्मू-कश्मीर को मुफ्त बिजली मिलने के साथ आमदनी भी होगी।

## लखीमपुर हिंसा मामलाः आरोपी आशीष ने किया सरेंडरः 14 दिन के लिए भेजा गया जेल



लखीमपुर खीरी / यूटर्नः लखीमपुर खीरी हिंसा के मुख्य आरोपी आशीष मिश्र ने सरेंडर कर दिया है। आशीष मिश्र को दोबारा 14 दिन की न्यायिक हिरासत में लखीमपुर खीरी की जेल में भेज दिया गया है। पिछले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट ने आशीष मिश्र की हाईकोर्ट से मिली जमानत को रद्द कर दिया था। साथ ही, कहा था कि एक हफ्ते के भीतर आत्मसमर्पण करना होगा। बता दें कि दो महीने पहले कोर्ट का फैसला आशीष मिश्र के पक्ष में था, लेकिन अब दो महीने बाद अचानक से सीन बदल गया है। आशीष मिश्र उर्फ मोनू का मुख्य आरोपी के तौर पर नाम आते ही उनके पिता केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्र टेनी लगातार उनके बचाव में लगे रहे। इससे उनका नाम काफी चर्चा में रहा। फिलहाल, अब मामला कोर्ट में है। इस हाई प्रोफाइल केस में हाईकोर्ट ने जमानत का फैसला कैसे दिया, यह किसी के गले नहीं उतर रहा था। वकील की दलील के बाद हाईकोर्ट ने कहा था, 'अभियोजन की दलीलें मान भी लें तो स्पष्ट है कि घटनास्थल पर हजारों प्रदर्शनकारी थे। ऐसे में संभव है कि ड्राइवर ने बचने के लिए गाड़ी भगाई और यह घटना हो गई'। याची ने कहा था कि प्रदर्शनकारियों में कई लोग तलवारें व लाठियां लिए हुए थे।

## नाईजीरिया के ऑयल रिफाइनरी में ब्लास्ट, 100 लोगों की मौत

अबुजा। दक्षिण-पूर्वी नाइजीरिया में एक अवैध तेल रिफाइनरी में बड़ा धमाका हो गया। इस हादसे में 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। कई लोगों के घायल होने की भी खबर है। बताया जा रहा है कि धमाके से लगी आग आसपास फैल गई। जिससे अवैध ईंधन खरीदने के लिए कतार में लगे कई वाहन जल गए। जानकारी के मुताबिक आग तेजी से दो अवैध ईंधन भंडार तक फैली। धमाके की वजह का पता लगाया जा रहा है। स्टेट पेट्रोलियम रिसोर्स कमिश्नर गुडलक ओपिया ने बताया कि आग अवैध बंकरिंग साइट पर लगी। इसमें 100 से अधिक लोग मारे गए। इन लोगों की पहचान नहीं हो सकी है। तेल उत्पादक नाइजर डेल्टा में बेरोजगारी और गरीबी के कारण अवैध कच्चे तेल की रिफाइनिंग काफी बढ़ गई है। कच्चे तेल को प्रमुख तेल कंपनियों के स्वामित्व वाली पाइपलाइनों से टैप किया जाता है।

## यूक्रेन का दावाः रूस ने बॉर्डर पर तैनात किया इस्कंदर मिसाइल सिस्टम

कीव/मास्को। रूस-यूक्रेन जंग को 2 महीने हो गए हैं। दोनों ही देश झुकने को तैयार नहीं हैं। इसी बीच यूक्रेन ने दावा किया है कि रूस ने बेलगोरोड के पास इस्कंदर मिसाइल सिस्टम तैनात कर दिया है। रूस का यह सिस्टम कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस है। खबरों के मुताबिक, संभावना जताई गई थी कि रूस इसी मिसाइल सिस्टम के जरिए यूक्रेन पर परमाणु हमला कर सकता है। जानकारी के मुताबिक, यह मिसाइल 480 से 700 किलोग्राम तक परमाणु और गैर परमाणु वॉरहेड को लेकर जा सकती है। वहीं, यूक्रेनी सेना ने कहा कि रूसी सैनिक डोनेस्ट्क में हमले कर रहे हैं। वे यहां मिसाइल, रॉकेट, मोर्टार से हमले कर रहे हैं। इसके अलावा ओडेशा शहर में रूसी



मिसाइल हमले में एक 3 महीने की बच्ची समेत 8 नागरिकों की मौत हो गई है। इधर, अमेरिका ने कहा है कि रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन और विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकेन आज यानी रविवार को कीव जाएंगे। वे यहां यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात करेंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने UN चीफ के मॉस्को दौरे को लेकर सवाल उठाए हैं।

## 5वें दिन भी कोरोना के 2 हजार से ज्यादा नए केस

नई दिल्ली / यूटर्नः भारत में एक बार फिर से कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं। देश में लगातार 5वें दिन कोरोना के 2 हजार से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। बीते दिन देश में कोरोना के 2591 केस मिले, वहीं 44 मरीजों की मौत हो गई। देश का पॉजिटिविटी रेट 0.59% हो गया है। अगर देश में कोरोना के एक्टिव मामलों की बात करें तो यह संख्या बढ़कर 15,873 हो गई है। कोरोना की तीसरी लहर की तरह एक बार फिर से केरल में कोरोना डराने लगा है। यहां बीते 24 घंटे में कोरोना के 300 नए मामले सामने आए, वहीं 38 मरीजों की मौत हो गई। वहीं उत्तर प्रदेश में शनिवार को 226 नए केस मिले। सबसे ज्यादा 126 मरीज गौतमबुद्ध नगर में पाए गए हैं। स्कूलों में बढ़ते संक्रमण को देखते हुए लखनऊ समेत NCR के 6 जिलों के लिए कोविड



प्रोटोकॉल लागू किए जाने का आदेश जारी किया गया है। इनमें गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, गौतम बुद्ध नगर और लखनऊ जिले शामिल हैं। यूपी में कोरोना मरीजों के बढ़ते ग्राफ को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी अधिकारियों को सख्ती बरतने के आदेश दिए हैं। साथ ही लखनऊ सहित एनसीआर के जिलों में सार्वजनिक स्थानों पर मास्क लगाना अनिवार्य करने के निर्देश दिए हैं।

## मुंबई हनुमान चालीसा विवादः सांसद नवनीत राणा और विधायक पति को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

मुंबई / यूटर्नः महाराष्ट्र में हनुमान चालीसा को लेकर सियासी घमासान जारी है। मातोश्री पर हनुमान चालीसा पढ़ने का ऐलान करने वाली सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा को रविवार को बांद्रा कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उनके खिलाफ राजद्रोह का केस भी दर्ज किया गया है। मुंबई पुलिस ने उनके लिए पुलिस कस्टडी की मांग की थी जिसे अदालत ने खारिज कर दिया। वहीं, भाजपा नेता किरीट सोमैया ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि उन पर हुआ हमला स्टेट स्पॉन्सर्ड था। इसमें पुलिस ने राज्य सरकार के इशारों पर काम किया। किरीट सोमैया पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने अज्ञात



व्यक्ति के खिलाफ FIR दर्ज की है। महाराष्ट्र के गृहमंत्री ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। किरीट सोमैया पर हुए हमले को लेकर भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने कहा, 'किरीट सोमैया ने अपने ऊपर होने वाले हमले के बारे में भी पुलिस को बताया, लेकिन पुलिस ने कुछ नहीं किया। हम केंद्र सरकार को इस पर कुछ एक्शन लेने के लिए कहेंगे। हनुमान चालीसा महाराष्ट्र में नहीं पढ़ा जाएगा तो क्या पाकिस्तान में पढ़ा जाएगा? दरअसल, शनिवार देर रात राणा दंपती से मिलने खार पुलिस स्टेशन पहुंचे किरीट सोमैया की कार पर शिवसेना कार्यकर्ताओं ने पथराव कर दिया। पुलिस स्टेशन से निकलते समय शिवसेना कार्यकर्ताओं ने उनकी कार पर पत्थर, बोतलें और चप्पलें फेंकीं। हमले में सोमैया की कार का कांच टूट गया और उनके चेहरे पर चोट लगने से खून बहने लगा। सोमैया ने आरोप लगाया है कि उन पर जानलेवा हमले के बावजूद मामूली घटना की FIR दर्ज की गई है। किरीट सोमैया ने कहा, 'मुझ पर हुए हमले के लिए मुंबई के पुलिस कमिश्नर संजय पांडे जिम्मेदार हैं।

Owner, Publisher, Printer: Komal Sharma, Printed by: BBF Industries Limited, VPO Bhamiia Kalan, Tajpur Road, Ludhiana PB-141011, Published by : House No. 68, New Sarabha Nagar, VPO, Dad. Ludhiana PB-142022, Chief Editor: Sandeep Sharma